आवश्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

दैनिक

# उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 | अंक : 182 | हापुड़, शनिवार 18 जनवरी 2025 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज़: 06

## महाकुंभ में काशी आने वाले श्रद्धालुओं को दी जाए उच्च स्तरीय बुनियादी सुविधा - मुख्यमंत्री आदित्यनाथ


वाराणसी । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज महाकुंभ के दौरान काशी आने वाले श्रद्धालुओं को उच्च स्तरीय बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया। आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को शुरू हुए दो दिवसीय वाराणसी दौरे पर सर्किट हाउस में महाकुंभ से संबंधित तैयारियों, विकास परियोजनाओं और कानून व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने शीतलहर को देखते हुए व्यापक व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने श्रद्धालुओं के आवासों पर अलाव, शौचालय, सफाई, पेयजल, प्रकाश और सुरक्षा की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बयान के अनुसार, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने गंगा घाटों पर कड़े सुरक्षा उपाय करने का आह्वान किया। उन्होंने बस स्टैंड पर उचित व्यवस्था करने का आदेश दिया ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। बयान में कहा गया है, ''महाकुंभ के दौरान काशी में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए उन्होंने अधिकारियों को भीड़ प्रबंधन के प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।''इसमें कहा गया है, ''उन्होंने यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए भी कहा और महिला पुलिस अधिकारियों, होमगार्ड और पीआरडी कर्मियों को प्रशिक्षित करने और उनकी तैनाती करने के निर्देश दिए।''मुख्यमंत्री ने 24 घंटे सघन गश्त के महत्व पर बल दिया और पुलिस को ऑटो-रिक्शा, ई-रिक्शा और टैक्सी चालकों के साथ-साथ रेहड़ी-पटरी वालों और होटलों, छात्रावासों और होमस्टे में ठहरने वाले मेहमानों की गहन जांच करने का निर्देश दिया, ताकि



अवांछनीय तत्वों पर नजर रखी जा सके और उन्हें रोका जा सके। साइबर अपराध से निपटने की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने अधिकारियों से शिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण और पहुंच के प्रयासों सहित व्यापक जागरूकता अभियान शुरू करने का आग्रह किया। उन्होंने नशीली दवाओं के दुरुपयोग और हुक्का बार जैसी अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने आगामी 'काशी तमिल संगमम' की तैयारियों की भी समीक्षा की और अधिकारियों को इसका सुचारू और सफल आयोजन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस आयोजन में बेहतर समन्वय के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति का निर्देश दिया। इसके अलावा, उन्होंने जिला मजिस्ट्रेट को लंबित राजस्व मामलों के गुण-दोष के आधार पर समाधान में तेजी लाने का निर्देश दिया। वरुणा रिवरफ्रंट परियोजना के संबंध में उन्होंने आवश्यक कार्यवाही में तेजी लाने के लिए पहले दिए गए निर्देशों को दोहराया तथा वाराणसी-विंध्य क्षेत्र विकास पहल के तहत प्रस्तावित कार्यों के तेजी से क्रियान्वयन पर जोर दिया। वाराणसी में सीवरेज लीकेज की समस्या पर उन्होंने जल निगम (शहरी) तथा नगर निगम को इन समस्याओं का व्यापक समाधान करने तथा सड़कों और गलियों में सीवर ओवरफ्लो की किसी भी शिकायत को रोकने का निर्देश दिया। उन्होंने पेयजल आपूर्ति तथा सीवरेज व्यवस्था में महत्वपूर्ण सुधार पर भी जोर दिया। मुख्यमंत्री ने जल निगम के पाइपलाइन बिछाने के कार्य से प्रभावित सड़कों की तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री के स्वच्छता मिशन के साथ तालमेल बिठाते हुए शहर को साफ-सुथरा और सिंगल-यूज प्लास्टिक से मुक्त रखने में समुदाय और जनप्रतिनिधियों की भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने अधिकारियों को सड़क निर्माण और चौड़ीकरण परियोजनाओं से प्रभावित लोगों को उचित मुआवजा देने का निर्देश दिया। कानून-व्यवस्था पर कड़ा रुख अपनाते हुए मुख्यमंत्री ने किसान यूनियन और ट्रेड यूनियन गतिविधियों की आड़ में व्यवधान पैदा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए। बयान के अनुसार, उन्होंने सजा पूरी कर चुके विचाराधीन कैदियों पर निर्णय लेने में तेजी लाने और उनकी समय पर रिहाई सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया।

## देश 2026 तक नक्सलमुक्त होकर रहेगा - अमित शाह

नई दिल्ली । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद को लोकतंत्र का सबसे बड़ा दुश्मन बताया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शुक्रवार को एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि मोदी सरकार नक्सलमुक्त भारत बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है और 31 मार्च 2026 तक देश नक्सलमुक्त होकर रहेगा। उन्होंने इस पोस्ट में गुरुवार को छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षाकर्मियों द्वारा नक्सलियों के खिलाफ की गई कार्रवाई का भी जिक्र किया। गृह मंत्री ने कहा, नक्सलवाद लोकतंत्र का सबसे बड़ा दुश्मन है और मोदी सरकार इसे समाप्त करने के लिए संकल्पित है। गुरुवार को बीजापुर (छत्तीसगढ़) में केंद्रीय सुरक्षा बल और राज्य पुलिस की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर नक्सलियों के विरुद्ध बड़ी सफलता प्राप्त की। मोदी सरकार नक्सलमुक्त भारत बनाने की दिशा में आगे बढ़



रही है और 31 मार्च 2026 तक देश नक्सलमुक्त होकर रहेगा। बता दें कि छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में गुरुवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 17 नक्सली मारे गए थे। इस मुठभेड़ के दौरान बड़ी मात्रा में हथियार भी बरामद हुए हैं, जिनमें एसएलआर और अन्य खतरनाक हथियार शामिल हैं। यह मुठभेड़ बीजापुर के पुजारी कांकेर, मारुरबाका और तेलंगाना सीमा से सटे इलाकों में हुई थी। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार सुबह करीब नौ बजे डीआरजी बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा की संयुक्त टीम, कोबरा बटालियन और सीआरपीएफ की टीम और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई थी। इसके बाद करीब एक हजार सुरक्षाकर्मियों ने नक्सलवादियों को चारों तरफ से घेर लिया था। सुरक्षाबलों ने माओवादियों के बड़े कैडरों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद डीआरजी बीजापुर, डीआरजी सुकमा, डीआरजी दंतेवाड़ा, कोबरा 204, 205, 206, 208, 210 और केरिपु 229 बटालियन की संयुक्त टीम के साथ यह ऑपरेशन शुरू किया था। इससे पहले बीजापुर जिले में गुरुवार को ही नक्सलियों द्वारा लगाए गए एक प्रेशर इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) के विस्फोट में सीआरपीएफ की कोबरा इकाई के दो कमांडो घायल हो गए थे।

## आयुष्मान भारत योजना भारत का सबसे बड़ा घोटाला- केजरीवाल

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना को देश का 'सबसे बड़ा घोटाला' बताया। इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें दिल्ली सरकार को राजधानी में इस योजना को लागू करने के लिए केंद्र के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने को कहा गया था। केजरीवाल ने एक संवाददाता सम्मेलन में आयुष्मान भारत योजना को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। इस संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने छात्र-छात्राओं के लिए मुफ्त बस यात्रा और मेट्रो की सवारी में 50 प्रतिशत छूट के आम आदमी पार्टी के वादे की घोषणा की। केजरीवाल ने आयुष्मान योजना के संबंध में उच्चतम न्यायालय के फैसले को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा, ''मुझे खुशी है कि उच्चतम न्यायालय ने पुष्टि की है कि यह एक फर्जी योजना है। आयुष्मान भारत देश का सबसे बड़ा घोटाला है। जब केंद्र सरकार बदलेगी और इन घोटालों की जांच होगी, तब लोगों को पता चलेगा कि आयुष्मान भारत वास्तव में कितना बड़ा घोटाला था।'' इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने आज उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी जिसमें दिल्ली सरकार को 'पीएम-आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन' (पीएम-एबीएचआईएम) को लागू करने के लिए पांच जनवरी तक



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने को कहा गया था। राजधानी में आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन को लेकर दिल्ली सरकार और केंद्र के बीच टकराव की स्थिति रही है। इस योजना को 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू किया गया है। पिछले साल 24 दिसंबर को पारित अपने आदेश में उच्च न्यायालय ने कहा कि 'पीएम-एबीएचआईएम' को पूरी तरह से लागू करना होगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दिल्ली के निवासी इसके तहत कोष और सुविधाओं से वंचित नहीं हों। आप सरकार ने इस आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी।

## अधिकारियों की तैनाती का संज्ञान लेकर निर्वाचन आयोग कड़ी निगरानी में चुनाव कराए- अखिलेश

लखनऊ । समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को निर्वाचन आयोग से अनुरोध किया कि वह अयोध्या जिले की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में अधिकारियों की तैनाती का संज्ञान लेने के साथ अपनी कड़ी निगरानी में चुनाव कराए। सपा प्रमुख ने अपने आधिकारिक 'एक्स' खाते पर एक पोस्ट में कहा चुनाव आयोग मिल्कीपुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के पक्षपाती अधिकारियों की तैनाती का संज्ञान ले और अपनी निष्पक्ष कार्यशैली की स्वस्थ परंपरा को सुनिश्चित करते हुए अपनी कड़ी निगरानी में चुनाव करवाए। यादव ने इसी पोस्ट में अयोध्या में तैनात पुलिस अधिकारियों के ब्योरे का एक 'स्केच' भी साझा किया है जिसमें उन्होंने दावा किया है कि कुल 19 पुलिस अधिकारियों में सिर्फ तीन पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) अधिकारी हैं। कुल तैनाती में पीडीए की हिस्सेदारी तीन प्रतिशत बतायी गयी है। सपा के अवधेश प्रसाद के फैजाबाद (अयोध्या) से सांसद चुने जाने के बाद मिल्कीपुर सीट रिक्त हुई है। प्रसाद 2022 के विधानसभा चुनाव में मिल्कीपुर से निर्वाचित हुए थे। मिल्कीपुर में उपचुनाव के लिये पांच फरवरी को मतदान होना है और मतों की गिनती आठ फरवरी को होगी। भाजपा ने मिल्कीपुर उपचुनाव के लिए चंद्रभान पासवान को अपना उम्मीदवार बनाया है, जबकि समाजवादी पार्टी ने फैजाबाद के सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार नहीं उतारकर समाजवादी पार्टी (सपा) के उम्मीदवार का समर्थन करने का फैसला किया है, जो 'इंडिया' गठबंधन का एक घटक दल है।

## राहुल गांधी देर रात एम्स पहुंचे; मरीजों से बात कर उनकी समस्याएं सुनीं, कहा- केंद्र और दिल्ली सरकार दोनों नाकाम

नई दिल्ली । लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देर रात इलाज के लिए इंतजार कर रहे मरीजों से मिलने के लिए दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र और दिल्ली सरकार दोनों, जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह से नाकाम रही हैं। राहुल गांधी ने एम्स के आसपास सड़कों, फुटपाथों और सबवे पर डेरा डाले कई मरीजों और उनके परिवारों से बातचीत की और उनकी समस्याएं भी सुनीं। ये मरीज इलाज के लिए दूर-दराज के इलाकों से आए हैं। सर्द रातों और असुविधाओं के बीच इलाज के लिए इंतजार कर रहे हैं। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर



मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत के फोटो शेयर किया। साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, बीमारी का बोझ, ठिठुराने वाली सर्दी, और सरकारी



असंवेदनशीलता- आज एम्स के बाहर उन मरीजों और उनके परिवारों से मिला, जो दूर-दराज से इलाज की आस में आए हैं। इलाज की राह में वो सड़कों, फुटपाथ और सबवे पर सोने को मजबूर हैं। ठंडी ज़मीन, भूख, और असुविधाओं के बीच भी बस उम्मीद की एक लौ जलाए बैठे हैं। केंद्र और दिल्ली सरकार दोनों, जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह से नाकाम रही हैं। वहीं, कांग्रेस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, इलाज के लिए महीनों का इंतजार, असुविधा और सरकार की असंवेदनशीलता- ये आज दिल्ली एम्स की सच्चाई है। हालात ये हैं कि अपनों की बीमारी का बोझ लिए दूर-दराज से आए लोग इस ठिठुरती सर्दी में फुटपाथ और सबवे पर सोने को मजबूर हैं। राहुल गांधी ने इलाज का इंतजार करते उन मरीजों से मुलाकात कर उनसे बात की और उनकी परेशानियां सुनीं।

## द्रौपदी मुर्मु ने गुकेश सहित चार खिलाड़ियों को खेल रत्न पुरस्कार से किया सम्मानित

नई दिल्ली । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को विश्व शतरंज चैंपियनशिप विजेता ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली महिला निशानेबाज मनु भाकर सहित चार खिलाड़ियों को खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में श्रीमती मुर्मु ने विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न, अर्जुन और द्रोणाचार्य पुरस्कारों से सम्मानित किया।

सबसे पहले शतरंज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। इसके बाद ओलिंपिक में दो पदक जीतने वाली महिला निशानेबाज मनु भाकर, हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरा एथलीट प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। इसके अलावा राष्ट्रपति ने अन्नू रानी को एथलेटिक्स, स्वीटी को मुक्केबाजी, वंतिका अग्रवाल को शतरंज, सलीमा टेटे, अभिषेक संजय, जरमनप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह को हॉकी में, राकेश कुमार को (पैरा-तीरंदाजी), प्रीति पाल (पैरा एथलेटिक्स)अजित सिंह, सचिन सरजेराव खिलारी (पैरा एथलेटिक्स) और धर्मबीर (पैरा एथलेटिक्स), प्रणव सूरमा (पैरा एथलेटिक्स), एच होकातो सेमा (पैरा एथलेटिक्स), सिमरन (पैरा एथलेटिक्स), नवदीप (पैरा एथलेटिक्स),नितेश कुमार (पैरा बैडमिंटन) को, थुलासिमाती मुरुगेसन (पैरा बैडमिंटन), नित्या श्री सुमाथी सिवान (पैरा बैडमिंटन), मनीषा रामदास (पैरा बैडमिंटन), कपिल परमार (पैरा जूडो) और मोना अग्रवाल (पैरा निशानेबाजी) को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया। सुभाषा राणा (पैरा निशानेबाजी नियमित वर्ग), दीपाली देशपांडे (निशानेबाजी नियमित वर्ग), संदीप सांगवान (हॉकी नियमित वर्ग),एस मुरलीधरन (बैडमिंटन लाइफटाइम वर्ग) और अरमांडो एगनेलो कोलाको (फुटबॉल (लाइफटाइम वर्ग) के द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सुचा सिंह (एथलेटिक्स) और मुरलीकांत राजाराम पेटकर (पैरा तैराक) को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिये अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम) पुरस्कार से सम्मानित किया गया। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी (विजेता), लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (प्रथम उपविजेता), अमृतसर गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी (द्वितीय उपविजेता) को मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### नीतीश ने प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानियों को दी श्रद्धांजलि

पटना । मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पटना जिले के बख्तियारपुर में प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानियों के प्रतिमा स्थल पर आयोजित राजकीय समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने अमर शहीदों स्व. डुमर सिंह जी (प्रतिमा स्थल श्री गणेश उच्च विद्यालय परिसर, बख्तियारपुर), शहीद नाथुन सिंह यादव जी (प्रतिमा स्थल नया बाईपास, राघोपुर तिराहा, बख्तियारपुर), स्व. मोगल सिंह जी (प्रतिमा स्थल प्रखंड कार्यालय परिसर, बख्तियारपुर), स्व. पं. शीलभद्र याजी जी (प्रतिमा स्थल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर, बख्तियारपुर) एवं स्व. कविराज रामलखन सिंह %वैद्य% जी (प्रतिमा स्थल नवनिर्मित डाकबंगला परिसर, बख्तियारपुर) की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ, जिलाधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार सहित स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन, अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भी पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

### केजरीवाल ने छात्रों को मेट्रो में 50 फीसदी छूट देने के लिए मोदी को लिखा पत्र

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर छात्रों को मेट्रो में 50 फीसदी छूट देने का आग्रह किया है। श्री केजरीवाल ने शुक्रवार को श्री मोदी को पत्र लिखकर कहा, मैं दिल्ली के स्कूल और कॉलेज छात्रों से संबंधित एक महत्वपूर्ण मामले पर आपका ध्यान आकर्षित करने के लिए ये पत्र लिख रहा हूं। दिल्ली के छात्र अपने स्कूल और कॉलेज तक आने-जाने के लिए बड़े पैमाने पर मेट्रो पर निर्भर हैं। छात्रों पर वित्तीय बोझ कम करने के लिए मैं दिल्ली मेट्रो में छात्रों को 50 फीसदी की रियायतें देने का प्रस्ताव रखता हूं। दिल्ली मेट्रो दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के बीच 50ः50 सहयोग की परियोजना है। इसलिए इस पर होने वाले खर्च को दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार आधा-आधा वहन करे। उन्होंने कहा, हमारी तरफ से हम छात्रों के लिए बस यात्रा पूरी तरह से फ्री करने की योजना बना रहे हैं। मुझे पूरी उम्मीद है कि आप इस प्रस्ताव से सहमत होंगे।

### अलका लांबा ने शराब नीति संबंधी बयान को लेकर आतिशी पर किया हमला

नई दिल्ली । कांग्रेस नेता एवं कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार अलका लांबा ने शराब नीति को लेकर दिये गये बयान के लिए मुख्यमंत्री आतिशी पर जोरदार प्रहार किया है और कहा है कि भ्रष्ट एवं अस्थायी मुख्यमंत्री फ़िर से शराब नीति लाना चाहती हैं। श्रीमती लांबा ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, भ्रष्ट आम आदमी पार्टी की अस्थायी मुख्यमंत्री का मानना है कि दिल्ली में शराब नीति दुबारा लागू होनी चाहिए - एक के बाद एक शराब की दुकानें खोलने में , एक के साथ एक शराब की बोतल बेचने में - शराब पीने के लिए उम्र को 25 से घटा कर 21 कर युवा पीढ़ी को नशे में धकेल कर आम आदमी पार्टी (आप) ने सही किया। उन्होंने कहा, क्या मेरी दिल्ली वाले भी यही चाहते हैं??? दु:ख और चिंता इस बात की भी है कि यह बात एक महिला मुख्यमंत्री कह रही है , विरोध करने की बजाय एक कठपुतली बन धोखेबाज श्री अरविन्द केजरीवाल के दबाव में कह रही है। गौरतलब है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में कालकाजी सीट पर श्रीमती लांबा, श्रीमती आतिशी और भारतीय जनता पार्टी के नेता रमेश बिधूड़ी आमने-सामने है।

### अखिलेश यादव ने सैफ अली खान की सेहत के लिए दुआ की, कलाकारों की सुरक्षा की मांग उठाई

लखनऊ । समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को सिने अभिनेता सैफ अली ख़ान की सेहत की दुआ करते हुए सरकार से कलाकारों की सुरक्षा की मांग की है। यादव ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, लोकप्रिय फ़िल्म स्टार सैफ अली ख़ान की सेहतमंदी की दुआओं के साथ सरकार से आग्रह है कि कलाकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। मुंबई के बांद्रा इलाके में बुधवार देर रात सतगुरु शरण इमारत की 12वीं मंजिल पर अभिनेता सैफ अली खान (54) के आवास में घुसकर एक हमलावर ने उन पर चाकू से कई बार वार किया, जिसमें वह घायल हो गए। इस घटना के बाद फिल्मी हस्तियों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठाये जा रहे हैं। लीलावती अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि सैफ आपातकालीन सर्जरी के बाद ''खतरे से बाहर'' हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने एमजीआर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के संस्थापक एवं तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एम जी रामचंद्रन (एमजीआर के नाम से लोकप्रिय) को शुक्रवार को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी और कहा कि गरीबों को सशक्त बनाने तथा बेहतर समाज के निर्माण के उनके प्रयासों से उनकी सरकार को प्रेरणा मिलती है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मैं एमजीआर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। हम गरीबों को सशक्त बनाने और बेहतर समाज के निर्माण के उनके प्रयासों से बहुत प्रेरित हैं।'' इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने एक वीडियो क्लिप भी साझा किया, जिसमें विभिन्न मौकों पर एमजीआर के बारे में दिए गए उनके भाषणों के अंश संकलित किए गए हैं। बेहद सफल अभिनेता रामचंद्रन द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के सदस्य थे लेकिन एम करुणानिधि के साथ मतभेदों के बाद उन्होंने अन्नाद्रमुक की स्थापना की। एमजीआर तमिलनाडु के करीब 10 साल तक मुख्यमंत्री रहे। उनका 1987 में निधन हुआ और वह अपने जीवन के अंतिम समय तक मुख्यमंत्री पद पर रहे।

### दो मोटरसाइकिल में टक्कर के बाद इनपर सवार चार लोग ट्रक की चपेट में आए, दो की मौत

सहारनपुर । सहारनपुर जिले में दो मोटरसाइकिल में आमने-सामने की टक्कर के बाद सड़क पर गिरे इनपर सवार चार लोग तेज गति से आ रहे एक ट्रक की चपेट में आ गए जिससे दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने बताया कि बृहस्पतिवार रात कलसिया छुटमलपुर मार्ग पर देहात कोतवाली क्षेत्र के निवासी 40 वर्षीय अनिल अपनी पत्नी पूनम (35 ) के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर घर लौट रहे थे, तभी उनकी मोटरसाइकिल की टक्कर संसारपुर के निकट सामने से आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल से हो गई जिसपर इस्माइलपुर निवासी विनय और मोन्टू सवार थे। उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद चारों मोटरसाइकिल सवार सड़क पर गिरने के बाद तेज गति से आ रहे एक ट्रक के चपेट में आ गए। पुलिस ने बताया कि ट्रक ने अनिल, विनय, पूनम और मोन्टू को कुचल दिया और अनिल और विनय की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि महिला पूनम ओर मोन्टू गम्भीर रूप से घायल हो गये। अनिल एक शादी समारोह से लौट रहे थे। सूचना मिलते ही थाना बेहट पुलिस मोके पर पहुंची और चारों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ले गई जहां दो लोगों को मृत घोषित कर दिया गया और दोनों घायलों को किसी बड़े अस्पताल में भेजा गया है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिये भिजवा दिया है।

# संपादकीय

## अपनी क्षमता की आन्तरिक पहचान करें

मानव जीवन समस्याओं से भरा हुआ है और कभी-कभी समस्याएं इतना विकराल रूप धारण कर लेती है कि मन निराशा से भर उठता है। व्यक्ति विषाद में आकंठ डूब जाता है और तब उसे कोई मार्ग दिखाई नहीं देता। भारतीय परा साहित्य में ऐसे विषादयुक्त क्षणों में प्रेरणा द्वारा नवशक्ति, आशा, इच्छाशक्ति के उदय का जो वर्णन है, वह आधुनिक युग में वैज्ञानिक आधार पर भी स्वीकार किया जा रहा है। ऐसे क्षणों का एक उदाहरण है समुद्र लंघन। माता सीता की खोज में लंका तक जाना एक विकट समस्या थी। कोई विचार नहीं कर सकता था कि समुद्र के उस पार छलांग लगाकर जाया जा सकता है। ऐसे क्षणों में वानरों का विषादयुक्त होना स्वाभाविक था। रामायण के किशकिन्धा काण्ड के चतुर्थ सर्ग में इस स्थिति का वर्णन है। इस अवसर पर अहंगद का कथन ध्यान देने योग्य है। वे कहते हैं 'वीरो, तुम्हें अपने मन को विषाद में नहीं डालना चाहिए क्योंकि विषाद में बहुत बड़ा दोष है। जैसे क्रोध में भरा हुआ सांप अपने पास आये हुए बालक को काट खाता है, उसी प्रकार विषाद पुरूष का नाश कर डालता है। जो मनुष्य विषादग्रस्त हो जाता है, उसके तेज का नाश हो जाता है। उस तेजहीन पुरूष का पुरूषार्थ सिद्ध नहीं होता।' वस्तुत: विकराल समस्याओं के बादल जब मानस पटल पर उमड़ने घुमड़ने लगते हैं तो हमारी आन्तरिक शक्ति जवाब दे बैठती है और हम शक्तिशाली होते हुए भी अपने बल को पहचान नहीं पाते। अपने बल का आभास तभी होता है जब कोई अन्य व्यक्ति, घटना या परिस्थिति हमें उसका अनुभव कराती है। समुद्र लांघने की शक्ति की इस विषम परिस्थिति में यही स्थिति वानर शिरोमणि महावीर हनुमान की रहती है। जाम्बवान जब हनुमान जी को उनकी उत्पत्ति कथा सुनाकर समुद्र के लिए उत्साहित करते हैं, तब हनुमानजी का उत्साह और बल प्रकट होता है। उसके पूर्व वे एकान्त में जाकर मौन से बैठे हुए थे। उसे किसी बात की चिन्ता नहीं थी और वे दूर तक छलांग मारने वालों में सबसे श्रेष्ठ थे। अन्तर शक्ति का जागरण- वृद्ध जाम्ववान जानते थे कि हनुमान बल, बुद्धि, तेज और धैर्य में अन्य प्राणियों से बढ़ कर हैं इसलिए वे हनुमानजी को पवनसुत होने के तथ्य का वर्णन करते हुए उन्हें पक्षियों में श्रेष्ठ, विनतानन्दन गरूण के समान विख्यात शक्तिशाली एवं तीव्रगामी कहते हैं। हनुमानजी को धैर्यवान, महातेजस्वी, महाबली, महापराक्रमी बताते हुए उन वरों का स्मरण कराया जिसके अनुसार वे अस्त्र, शस्त्र से नहीं मारे जा सकेंगे और इच्छा मृत्यु के अधीन होंगे। महात्मा जाम्बवान की प्रेरणा पाकर कपिवर हनुमान को अपने महान वेग पर विश्वास हो आया। उनके शरीर को उन्होंने और भी बढ़ाना प्रारम्भ कर दिया, हर्ष और उमंग से वे कार्य सिद्धि के लिए प्रयत्नशील हुए लेकिन उत्साह, उमंग, हर्ष ही हनुमानजी ने पर्याप्त नहीं माना। वेगपूर्वक छलांग मारने की योजना व चित को एकाग्र करने की आवश्यकता का भी अनुभव किया। वस्तुत: अपनी शक्ति और उत्साह के साथ योजना व चित की एकाग्रता वह आवश्यक गुण है जो अन्तरशक्ति के जागरण के बाद अत्यन्त आवश्यक है। आज आधुनिक युग में वैज्ञानिक शोध के बाद प्रबन्धशास्त्र भी यही तथ्य प्रस्तुत कर रहा है।

नल को शक्ति का आन्तरिक जागरण- महावीर हनुमान की आन्तरिक शक्ति का जागरण और प्रेरणा से वे माता सीता की खोज में समुद्र पार कर गए किन्तु रामजी की सेना कैसे समुद्र पार पहुंचे, यह एक समस्या पुन: रामायण में उभरती है। इन क्षणों में पुन: व्याकुलता, निराशा, शोक व्याप्त होता है। इन क्षणों में प्रेरणा के स्वर राजा सुग्रीव के द्वारा कहे गए हैं। वे कहते हैं जो पुरूष उत्साहशून्य, दीन और मन ही मन शोक से व्याकुल रहता है, उसके सारे कार्य बिगड़ जाते हैं और वह बड़ी विपत्ति में पड़ जाता है। बुद्धि की इस व्याकुलता को त्याग दें क्योंकि यह समस्त कार्यों को बिगाड़ देने वाली है और शोक इस जगत में पुरूष के शौर्य को नष्ट कर देता है। इस महान व्याकुलता के मध्य भगवान श्रीराम द्वारा समुद्र पर तीन दिन 'धरना' दिए जाने के बाद उसे बाण से मारकर विक्षुब्ध किए जाने की घटना घटित होती है तब सागर स्वयं मूर्तिमान होकर प्रकट हुआ। सागर ने कहा- पृथ्वी, वायु, आकाश, जल और तेज सर्वथा अपने सनातन मार्ग को कभी नहीं छोड़ते। सदा उसी के आश्रित रहते हैं। मैं भी अगाध और अथाह हूं। कोई मेरे पार नहीं जा सकता। यदि मेरी थाह मिल जाये तो विकार होगा। इसके बाद सागर ने कहा- आपकी सेना में जो नल नामक वानर है, साक्षात विश्वकर्मा का पुत्र है। इसे इसके पिता ने यह वर दिया है कि तुम मेरे ही समान शिल्प कला में निपुण होओगे। यह मेरे ऊपर पुल का निर्माण करें। मैं उस पुल को धारण करूंगा। जब अभियन्ता नल ने यह सुना तब कहा 'मन्दराचल पर विश्वकर्माजी ने मेरी माता को यह वर दिया था कि देवी। तुम्हारे गर्भ से मेरे समान पुत्र होगा। इस प्रकार मैं विश्वकर्मा का औरस पुत्र हूं और शिल्पकर्म में उन्हीं के समान हूं। इस समुद्र ने आज मुझे इन सब बातों का स्मरण दिला दिया है। महासागर ने जो कुछ कहा है, ठीक है।' नल भी अपनी शक्ति को भूले हुए था। सागर द्वारा बताए जाने पर वह इन गुणों का स्मरण कर सका। मानव मात्र में अनन्त क्षमता है और इसलिए संभावना के द्वार सदा खुलने को तत्पर हैं। आवश्यकता है आंतरिक जागरण के लिए जाम्बवान जैसे महात्मा और वृद्ध की तथा अथाह गहरे गंभीर महासागर की जो प्रेरक तत्व की तरह उभरे और योजना बनाने और एकाग्रचित से समाधान खोलने में लगा दे। तब समस्याओं के महासागर हाथ जोड़े पुल बांधने और सफलतापूर्वक आगे बढ़ जाने के लिए तत्पर मिलेंगे। प्रत्येक व्यक्ति की क्षमता अनन्त है। हम उसे जान नहीं पाते और इसलिए उपयोग नहीं कर पाते। हमारी निराशा, व्याकुलता, चिंता सब व्यर्थ हो जाये यदि हम कर्म के द्वारा निरंतर उस क्षमता के जागरण का प्रयत्न करें। अपने आपको पहचानने के लिए जब दार्शनिक सुकरात ने संदेश दिया, तब उनका भी यही अर्थ रहा है।

## 18 जनवरी 2025 का पंचांग






सूर्योदय- 07.14 प्रात-
सूर्यास्त- 06.00 सायं
सूर्य राशि- मकर राशि में।
चंद्र उदय- 10.10 सायंकाल
चंद्र अस्त- 10.33 प्रात-
चंद्रमा- रात्रि- 09.28 उपरांत कन्या राशि में।

आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना पौष-19 पूर्णिमांत महीना माघ-05, पक्ष-कृष्ण 04, तिथि- पंचमी, नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी दोपहर-02.51 तक बाद में उत्तराफाल्गुनी, योग-शोभन रात्रि- 01.16 तक बाद में अतिगंड, करण-कौलव सायं- 06.26 तक बाद में तैतिल,राहु काल प्रात- 09.00 से 10.30 बजे तक,कुलीक काल प्रात-06.00 से 07.30 बजे तक, यमगंड प्रात- 01.30 से 03.00 बजे तक अभिजीत मुहूर्त दोपहर- 12.15 से 12.58 तक दुमुहूर्त प्रात- 08.40 से 09.23 तक व दोपहर- 12.58 से 01.41 तक अमृत काल-07.53 से 09.37 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.37 से 06.26 तक।

## आज 18 जनवरी का दैनिक राशिफल।

मेष- बोलते समय सही भाषा प्रयोग करे, घर वालो पर फैसले ना थोपे,विज्ञान की पढ़ाई अच्छे से करे,हड्डी के चिकित्सक की प्रेक्टिस चलेगी।
भाग्य प्रतिशत- 71

वृषभ-कोई बात आपके पक्ष में फाइनल होने में विलंब होगा,आर्थिक लाभ रुक सकता है। कम्युनिकेशन क्षेत्र वाले परेशान रहेंगे।
भाग्य प्रतिशत-62

मिथुन-मूत्र,हार्ट,एसिडिटी संबन्धी समस्या है तो सतर्क रहे,रेलवे क्षेत्र में नौकरी की तैयारी कर सकते है,व्यापार में कुछ नये बदलाव करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-62

कर्क- पुराने कार्य को छोड़ सकते है,नई व्यवस्था करेंगे,कोर्ट केस है तो पक्ष में निर्णय सम्भव है,राहत की साँस मिलेगी।
भाग्य प्रतिशत-69

सिंह- बच्चे की सेहत से परेशान रहेंगे, डॉक्टर से मिलना होगा,वायु सेवा एवं प्ले स्कूल कार्य से फ़ायदा होग,बाहरी लोगों से काम कराने का पैसा मिलेगा।
भाग्य प्रतिशत-66

कन्या- कोई नया खर्चा आ सकता है, थोड़ा असहज अनुभव करेंगे,ट्रैवल की इच्छा होगी,इन्टरनेट पर समय बितेगा, रिश्तेदारी में फंक्शन में जा सकते है।
भाग्य प्रतिशत-52

तुला-व्यवसाय में कोई बदलाव एवं प्रमोशन में अधिक खर्चा ना करें,पहले का कर्जा परेशान करेगा,गर्म खाने की इच्छा होगी।
भाग्य प्रतिशत-52

वृश्चिक- वाद विवाद में सफ़लता मिलेगी, किसी मित्र से भेट होगी,गिले शिकवे दूर हो सकते है,शिक्षा में अच्छा करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-69

धनु- सेहत कुछ नर्म रहेगी,संबंधियों से गरमागरमी सम्भव है,शांत रहना आपके लिए हितकर होगा, दैनिक आय में वृद्धि होगी।
भाग्य प्रतिशत-50

मकर- मानसिक थकन अनुभव करेंगे, भरपूर आराम करें,वक्ताओं को बोलने का मौका मिलेगा,लेनदेन में ध्यान रखें, जीवन साथी से मतभेद रहेंगे।
भाग्य प्रतिशत-51

कुम्भ- घर में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ख़राब हो सकता है,कोई पैसे मांगने आ सकता है,रात्रि को अधिक देर तक ना जागे, मन किसी बात से व्याकुल रहेगा।
भाग्य प्रतिशत-49

मीन- आध्यात्मिक उन्नति के लिए अच्छा समय है,अनुभव हासिल करेंगे,भाषा का दुरुपयोग ना करे,नुकसान होगा, कार्यक्षेत्र में पहचान मिलेगी।
भाग्य प्रतिशत-64

## शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े स्टारर फिल्म देवा का ट्रेलर रिलीज़



मुंबई । शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े स्टारर फिल्म देवा का ट्रेलर रिलीज़ हो गया है। शाहिद कपूर की मच-अवेटेड एक्शन थ्रिलर देवा का ट्रेलर फैंस की भारी डिमांड पर समय से पहले रिलीज़ कर दिया गया है। ट्रेलर में तेज़ रफ्तार, ज़बरदस्त एक्शन और जबरदस्त इंटेंसिटी देखने को मिल रही है। इस फिल्म में शाहिद कपूर ने पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभाई है, वहीं पूजा हेगड़े उनकी प्रेमिका के किरदार में है। ट्रेलर में शाहिद कपूर देव अंबरे के किरदार में पूरी तरह से छाए हुए हैं, उनके एक्शन और जबरदस्त स्टंट्स देख कर फैंस का दिल थम जायेगा। शाहिद के साथ पूजा हेगड़े भी अहम रोल में नजर आ रही हैं, जो कहानी में खूबसूरती और ताकत दोनों का बेहतरीन मेल देती हैं।

रौशन एंड्रयूज के निर्देशन में बनी और ज़ी स्टूडियोज़ और रॉय कपूर फिल्म्स निर्मित फिल्म देवा 31 जनवरी को रिलीज़ होने वाली है। फिल्म देवा में शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े के अलावा कुब्रा सैत और पवैल गुलाटी भी अहम भूमिका में हैं।

## पटियाला, अमृतसर और बठिंडा में कंगना रनौत की इमरजेंसी की रिलीज रोकी गयी



मुंबई । बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत की बहुप्रतीक्षित राजनीतिक ड्रामा इमरजेंसी की रिलीज पंजाब के पटियाला, अमृतसर और बठिंडा शहरों में रोक दी गई है। ज़ी स्टूडियोज़ और मणिकर्णिका फ़िल्म्स निर्मित, %इमरजेंसी% की कहानी वर्ष 1975 पर आधारित है, जब भारत में इमरजेंसी लागू हुई थी। इस फिल्म में कंगना रनौत, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में हैं। फिल्म इमरजेंसी पूरे देश में आज रिलीज हुयी है। फिल्म इमरजेंसी की रिलीज पंजाब के पटियाला, अमृतसर और बठिंडा शहरों में रोक दी गई है। यह फैसला स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों ने संभावित विरोध प्रदर्शनों और सार्वजनिक व्यवस्था को बाधित करने वाली अप्रिय घटनाओं की संभावना के बारे में चिंता जताए जाने के बाद लिया है।शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के सदस्यों द्वारा फिल्म इमरजेंसी का शुक्रवार को पंजाब भर में विरोध किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि एसजीपीसी के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने पंजाब सरकार से फिल्म अभिनेत्री और हिमाचल प्रदेश के मंडी से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी।उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि फिल्म %इमरजेंसी% को पंजाब में चलने नहीं दिया जाएगा, क्योंकि यह सिखों को बदनाम करने के उद्देश्य से राजनीतिक तरीके से बनाई गई है।उन्होंने कहा कि फिल्म में 1984 में सिखों के पवित्र तीर्थस्थल सचखंड श्री स्वर्ण मंदिर, श्री अकाल तख्त साहिब और कई अन्य स्थानों पर घातक हमलों के साथ-साथ सिख नरसंहार और जनसंहार को दबाकर, राष्ट्र के खिलाफ जहर उगलने की भावना के साथ सिख विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाया गया है। इसके साथ ही फिल्म में सिखों के राष्ट्रीय शहीद संत जरनैल सिंह खालसा भिंडरावाले को भी चित्रित किया गया है। उन्होंने कहा है कि यदि यह फिल्म पंजाब में रिलीज हुई तो हम राज्य स्तर पर इसका कड़ा विरोध करने को मजबूर होंगे। फिल्म 'इमरजेंसी' में कंगना रनौत के अलावा अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन,श्रेयस तलपड़े, विशाक नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कंगना ने इमरजेंसी में अभिनय करने के साथ ही फिल्म का निर्माण और निर्देशन भी किया है।इमरजेंसी में अनुपम खेर जयप्रकाश नारायण,श्रेयस तलपड़े अटल बिहारी वाजपेयी, मिलिंद सोमन फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ,महिमा चौधरी पुपुल जयकर ,विशाक नायर संजय गांधी,और दिवंगत सतीश कौशिक जगजीवन राम के किरदार में नजर आयेंगे।

## सर्राफा बाजार में महंगा हुआ सोना, चांदी की कीमत में भी उछाल



नई दिल्ली । घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार दूसरे दिन तेजी का रुख बना हुआ है। आज के कारोबार में सोना 500 रुपये से लेकर 550 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चांदी की कीमत में भी आज 2 हजार रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई है। सोने की कीमत में आए उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 80,770 रुपये से लेकर 80,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 74,050 रुपये से लेकर 73,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में आई तेजी के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 95,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 80,770 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 74,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 80,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 80,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 73,950 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 80,620 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 73,900 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 80,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 80,770 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 74,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 80,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 73,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 80,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 74,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में उछाल आया है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 80,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 73,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## जॉन अब्राहम की फिल्म द डिप्लोमैट 7 मार्च को होगी रिलीज



मुंबई । जॉन अब्राहम का %वेदा% में शानदार परफॉर्मेंस करना उनके अभिनय कौशल का प्रमाण है, भले ही फिल्म बॉक्स ऑफिस पर असफल रही हो। अब जॉन अपनी अगली फिल्म द डिप्लोमैट के जरिए एक बार फिर दर्शकों का दिल जीतने की तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म की रिलीज़ की नई तारीख का ऐलान हो गया है। इस फिल्म में जॉन अब्राहम मुख्य भूमिका निभाएंगे।

इस फिल्म में जॉन एक भारतीय राजदूत की भूमिका निभाएंगे। यह भारतीय राजदूत पाकिस्तान में रह रही एक भारतीय लड़की को वापस लाने के लिए अथक प्रयास करता है। पाकिस्तान में इस लड़की की जबरन शादी कराई जाती है। यह एक सच्ची घटना है और हर कोई उत्सुक है कि फिल्म डिप्लोमैट में इसे कैसे दर्शाया जाएगा। फिल्म डिप्लोमैट 7 मार्च 2025 को रिलीज होगी।

इसमें जॉन अब्राहम के साथ एक्टर कुमुद मिश्रा, शारिब हाशमी, सादिया खतीब नजर आएंगे। जॉन अब्राहम 2024 में फिल्म वेदा में नजर आए थे। हालांकि फिल्म को दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली, लेकिन जॉन के अभिनय की सराहना की गई। अब हर कोई ये देखने को उत्सुक है कि फिल्म डिप्लोमैट में जॉन की एक्टिंग क्या जलवा बिखेरती है।

## शेयर बाजार में बिकवाली का दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के



नई दिल्ली । लगातार तीन दिन तक मजबूती के साथ कारोबार करने के बाद आज सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार में शुरुआती कारोबार के दौरान बिकवाली का दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। आज शेयर बाजार में कारोबार की मिली जुली शुरुआत हुई थी। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बढ़ जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में गिरावट आ गई। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.55 प्रतिशत और निफ्टी 0.45 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, बीपीसीएल, कोल इंडिया और पावर ग्रिड कॉरपोरेशन के शेयर 2.35 प्रतिशत से लेकर 1.48 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर इंफोसिस, एक्सिस बैंक, टीसीएस, विप्रो और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 5.37 प्रतिशत से लेकर 1.59 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,354 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,386 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 968 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 17 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 13 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 31 शेयर हरे निशान में और 19 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 26.37 अंक की मामूली बढ़त के साथ 77,069.19 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बढ़ जाने की वजह से इस सूचकांक ने लाल निशान में गोता लगा दिया। बिकवाली के दबाव में ये सूचकांक गिर कर 76,511.81 अंक के स्तर तक पहुंच गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, जिससे इस सूचकांक की स्थिति में मामूली सुधार होता हुआ नजर आया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10.15 बजे सेंसेक्स 424.23 अंक की गिरावट के साथ 76,618.59 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स के विपरीत एनएसई के निफ्टी ने आज 34.70 अंक की कमजोरी के साथ 23,277.10 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 23,292.10 अंक तक पहुंचा, लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण इस सूचकांक में दोबारा गिरावट आ गई।

बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10.15 बजे निफ्टी 105.60 अंक की कमजोरी के साथ 23,206.20 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन गुरुवार को सेंसेक्स 318.74 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की मजबूती के साथ 77,042.82 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 98.60 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की तेजी के साथ 23-,311.80 अंक के स्तर पर गुरुवार के कारोबार का अंत किया था।

## ओसाका के चोटिल होने के कारण रिटायर होने के बाद बेनसिक चौथे दौर में पहुंची



मेलबर्न । पूर्व विश्व नंबर 1 नाओमी ओसाका के चोटिल होने के कारण तीसरे दौर के मैच से रिटायर होने के बाद बेलिंडा बेनसिक ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में राउंड ऑफ 16 में प्रवेश कर लिया। ओसाका के हटने से पहले बेनसिक ने पहला सेट 7-6 (3) से जीता। अपनी बेटी बेला को जन्म देने के बाद से अपना पहला ग्रैंड स्लैम खेल रही 27 वर्षीय बेनसिक 2023 यूएस ओपन के बाद से किसी मेजर में अपने पहले राउंड ऑफ 16 में पहुंची हैं। कोर्ट से बाहर निकलने से पहले, बेनसिक ने कैमरे के सामने एक भावपूर्ण संदेश लिखा- जल्दी ठीक हो जाओ, मां। 2016 ओलंपिक चैंपियन का सामना चौथे दौर में विश्व नंबर 3 कोको गॉफ या लेयला फर्नांडीज से होगा, क्योंकि वह 2021 यूएस ओपन के बाद से अपने पहले ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल में जगह बनाने की कोशिश कर रही हैं। 2022 मियामी ओपन के बाद से अपनी पहली भिड़ंत में, ओसाका ने मजबूत शुरुआत की, शुरुआती सेट में 5-3 की बढ़त बनाई। हालांकि, उसने स्पष्ट असुविधा को संभालने के लिए अपनी सर्विस मोशन को बदलना शुरू कर दिया। ओसाका द्वारा मेडिकल टाइमआउट लेने से पहले बेनकिक ने ब्रेक बैक किया और सर्विस को बनाए रखा। इसके बाद बेनकिक ने एक शांत टाईब्रेक खेला, 57 मिनट के बाद इसे 7-3 से जीत लिया। ओसाका, जो स्पष्ट रूप से संघर्ष कर रही थी, रिटायर होने का फैसला करने से पहले अपनी कुर्सी पर चली गई। जापानी स्टार ने ऑकलैंड में एएसबी क्लासिक के फाइनल में पहुंचकर अपने 2025 सीज़न की शुरुआत की थी, लेकिन पेट की चोट के कारण फाइनल में रिटायर हो गई। यह ओसाका का लगातार तीसरा टूर्नामेंट रिटायरमेंट है, पीठ की चोट के बाद जिसने गॉफ के खिलाफ चाइना ओपन में अपने 2024 सीज़न को समाप्त कर दिया। टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले, ओसाका ने पेट की चोट के स्कैन के परिणाम शानदार नहीं होने के बावजूद सीज़न-ओपनर ग्रैंड स्लैम में पहले दौर का मैच खेलने का विश्वास व्यक्त किया था। ऑस्ट्रेलियन ओपन की शुरुआत से पहले ओसाका ने कहा था, मैं आम तौर पर बहुत ईमानदार व्यक्ति हूं, लेकिन मैं शायद आपके सवाल का ईमानदारी से जवाब नहीं दूंगी। एमआरआई, यह शानदार नहीं था, लेकिन साथ ही यह बुरा भी नहीं था। मैं अपना मैच खेलने को लेकर काफी आशावादी हूं। मेरा मतलब है, मैं निश्चित रूप से अपना मैच खेलने जा रही हूं, और मैं यहां पिछले दो दिनों से काफी अच्छा अभ्यास कर रही हूं।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

# 19 जनवरी को होगा मन की बात का कार्यक्रम- राजीव सैनी



उजाला हितैषी एक्सप्रेस सैय्यद मजहर

बुलंदशहर । गुलावठी भाजपा के मण्डल अध्यक्ष राजीव सैनी ने बताया कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस होने के कारण मन की बात का कार्यक्रम इस बार 19 जनवरी दिन रविवार को होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ के कार्यक्रम के फोटो सरल ऐप पर अपलोड होने हैं, उन्होंने सभी कार्यकर्ताओ से अनुरोध किया कि कार्यक्रम के फोटो अवश्य लें और सरल ऐप पर अपलोड करें। यदि किसी की कोई समस्या हो तो फोन कर पूछ सकते हैं। मन की बात का कार्यक्रम प्रत्येक बूथ पर होना है। बता दें कि मन की बात का कार्यक्रम हर बार माह के अंतिम रविवार को होता है, लेकिन इस बार मन की बात का कार्यक्रम माह का अंतिम रविवार 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) होने के कारण 19 जनवरी को प्रात: 11 बजे बजे से 11.30 तक चलेगा। सभी कार्यकर्ता बंधु इस कार्यक्रम में सम्मिलित हो।

# मुख्यमंत्री से सम्मानित होकर वापस आए आर्यन का हुआ स्वागत



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलन्दशहर। डिबाई स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस पर लखनऊ में राज्य स्तरीय विवेकानंद युवा पुरुस्कार से मुख्यमंत्री से सम्मानित होने के बाद गाँव में पहली बार आए आर्यन गौड़ का लोगों ने जोरदार स्वागत किया। डिबाई के गाँव कर्णवास निवासी आर्यन गौड़ को रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विवेकानंद युवा पुरुस्कार व पचास हजार रुपये का चेक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया था। उन्हें यह पुरस्कार जल सरंक्षण गतिविधियों को बढ़ावा देने को दिया गया है। मुख्यमंत्री से सम्मानित होने के बाद मंगलवार को गाँव में आने पर पिता सुभाष चंद्र गौड़, माता निशा गौड़, भाई अंकित गौड़, आदित्य गौड़, भारत भूषण भारद्वाज, अरविंद सिंह के साथ गाँव के एडवोकेट अजय शर्मा, प्रधान प्रतिनिधि अंकित शर्मा, रमेश कुमार व गंगा वारियर्स संस्था की ओर से शिवराम शर्मा, करन वर्मा, भूपेंद्र आर्य, अमन शर्मा, पंकज कुमार, मोहन उपाध्याय, रामू शर्मा, इंद्रेश राजपूत, सोनू शर्मा आदि लोगों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

# मां की ममता को शर्मशार करने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। डिबाई के मौहल्ला नमक मण्डी से एक हैरान और परेशान करने वाला मामला सामने आया है जहां एक मां ने मां की ममता को शर्मसार करते हुए अपने दो साल के बेटे को वेरहमी से पीटते हुए बेहोश कर दिया।जिसका वीडियो शोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मामला है डिबाई के मौहल्ला नमक मण्डी का जहां प्रबल प्रताप सिंह की पत्नी रिया को अचानक इतना गुस्सा आ गया कि अपने ही मासूम बेटे को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया।

# एक शातिर अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से लूटा गया मोबाइल ( आईफोन 11 ) व 5,000/- रुपये नकद बरामद



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर । बुलंदशहर थाना सिकन्द्राबाद पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर एक शातिर अभियुक्त मंगल पुत्र नरेन्द्र उर्फ लाला निवासी ग्राम जौली थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर को लूटे गये मोबाइल व नकदी सहित गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया हैं।

# मोटापे से होने वाली बीमारियों का उपचार सम्भव- डॉ आशीष गौतम

## मैक्स अस्पताल ने जागरूकता सत्र का किया आयोजन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर। मोटापा, टाइप-2 डायबिटीज, उच्च रक्तचाप और ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया (ओ एस ए) जैसी बढ़ती चिंताओं पर जोर देने के उद्देश्य से, मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, पटपड़गंज के चिकित्सकों ने शुक्रवार को एक जन जागरूकता सत्र का आयोजन किया। इस सत्र में मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल पटपड़गंज के लेप्रोस्कोपिक और रोबोटिक सर्जरी विभाग के सीनियर डायरेक्टर डॉ. आशीष गौतम भी मौजूद रहे। जिन्होंने इन खामोश घातक बीमारियों की आपसी जटिलताओं, इन स्थितियों के बढ़ते खतरे, प्रारंभिक पहचान के महत्व और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने से इन बीमारियों को रोकने और प्रबंधित करने के तरीकों को समझाया। बेरियाट्रिक सर्जरी मोटापे और उससे जुड़े रोगों जैसे टाइप 2 डायबिटीज, हाइपरटेंशन, ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया (ओएसए) और अन्य मेटाबॉलिक जैसी बीमारियों से लंबे समय के लिए समाधान प्रदान करती है। वैज्ञानिक शोध और क्लीनिकल ट्रायल से साबित हुआ है कि बेरियाट्रिक सर्जरी न केवल सम्पूर्ण स्वास्थ्य में सुधार करती है, बल्कि टाइप 2 डायबिटीज का पूरी तरह से उपचार करने और हाइपरटेंशन व अन्य मेटाबॉलिक समस्याओं के खतरे को कम करने में भी प्रभावी है। डॉ गौतम ने बताया कि रोबोटिक-असिस्टेड बेरियाट्रिक सर्जरी के बाद मरीज को 48 घंटे के भीतर अस्पताल से छुट्टी मिल जाती है। यह मिनिमली इनवेसिव पद्धति कई फायदे प्रदान करती है, जैसे संक्रमण का कम जोखिम, कम खून की हानि और तेज रिकवरी, जिससे मरीज जल्दी अपनी सामान्य दिनचर्या में लौट सकते हैं। डॉ. आशीष गौतम ने कहा, वर्तमान में, 77 मिलियन से अधिक भारतीय डायबिटीज के साथ जी रहे हैं, जिसका मुख्य कारण असंतुलित जीवनशैली है। हालांकि, बढ़ती जागरूकता के साथ उचित आहार, व्यायाम और नियमित निगरानी के माध्यम से रोका जा सकता है। उच्च रक्तचाप, जो एक और व्यापक लेकिन अक्सर अज्ञात स्थिति है, हृदय रोग, स्ट्रोक और किडनी डैमेज का प्रमुख कारण बनी हुई है। नियमित रक्तचाप जांच, विशेष रूप से परिवार में उच्च रक्तचाप के इतिहास वाले व्यक्तियों के लिए, प्रारंभिक पहचान और प्रबंधन के लिए आवश्यक है। ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया भी एक अक्सर नजरअंदाज की जाने वाली स्थिति है, जिसके गंभीर परिणाम थकान, हृदय संबंधी समस्याओं और समग्र स्वास्थ्य पर पड़ते हैं। डॉ. आशीष ने आगे कहा संतुलित पोषण, नियमित शारीरिक गतिविधि, मासिक स्वास्थ्य जांच और प्रभावी वजन प्रबंधन स्वस्थ जीवनशैली के आधारभूत स्तंभ हैं। प्रारंभिक स्क्रीनिंग और समय पर चिकित्सकीय हस्तक्षेप इन स्थितियों से जुड़े जोखिमों को कम करने में महत्वपूर्ण हैं। व्यापक जीवनशैली संशोधन और सार्वजनिक स्वास्थ्य पहलों का समर्थन करके, हम इन स्वास्थ्य समस्याओं की बढ़ती घटनाओं का सामना कर सकते हैं और उनके प्रभाव को व्यक्तियों और समाज पर काफी हद तक कम कर सकते हैं। मोटासे से होने वाली गंभीर बीमारियों से निपटने के लिए मैक्स अस्पताल पटपड़गंज, मरीजों के परिणामों में सुधार, देखभाल की गुणवत्ता बढ़ाने और समुदाय की भलाई में योगदान देने का प्रयास कर रहा है।

# जनजातीय कथा संसार और सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा शीर्षक से एक कहानी लेखन प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस
सैय्यद मजहर



बुलंदशहर। गुलावठी देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दो अलग-अलग प्रतियोगिताओं में प्रथम नवंबर 2024 से नवंबर 2025 तक मनाये जा रहे जनजातीय गौरव वर्ष के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं में सांस्कृतिक परिषद, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा रोड सेफ्टी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में %जनजातीय कथा संसार और सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा शीर्षक से एक कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

जिसमें बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा कुमारी मानसी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। द्वितीय स्थान पर बी.ए. पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुमैया तथा तृतीय सेमेस्टर की छात्रा कुमकुम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार जनजातीय कवि एवं जनजातीय साहित्य विषयक निबंध प्रतियोगिता में बीएससी पंचम सेमेस्टर की छात्रा कुमारी सुप्रिया गौतम को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। बी.ए. पंचम सेमेस्टर की छात्रा कुमारी फिजा खान को द्वितीय जबकि इकरा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य योगेश कुमार त्यागी ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी जबकि सांस्कृतिक परिषद के मुख्य संयोजक डॉ. पुष्पेन्द्र कुमार मिश्र ने विजेता विद्यार्थियों को महाविद्यालय के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की।

जबकि राष्ट्रीय सेवा योजना के मुख्य संयोजक डॉक्टर अवधेश कुमार सिंह अधिक संख्या में विद्यार्थियों से अधिकधिक संख्या में इन प्रतियोगिताओं में भाग देने को कहा। उल्लेखनीय है कि जनजातीय गौरव वर्ष के अंतर्गत प्रत्येक माहवार विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा जिसमें विद्यार्थी अपनी कला और कौशल का प्रदर्शन कर सकते हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों सहित श्री अतुल तोमर श्री हरिदत्त शर्मा, श्री संदीप कुमार सिंह, नरेश कुमार, डॉ विनय कुमार सिंह, कृष्ण कुमार, डॉक्टर हरीश कसाना, शशि कपूर और श्याम प्रकाश आदि ने भाग लिया।

# पुलिस ने चोरी करने वाले गिरोह के तीन शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

उजाला हितैषी एक्सप्रेस




बुलंदशहर। बुलंदशहर थाना खुर्जा देहात पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान ग्राम हाजीपुर भटौला - बसेन्दुआ बम्बे वाले रोड़ से चोरी करने वाले गिरोह के 03 शातिर सद्स्य को चोरी किया गये तांबे का तार, घटना में प्रयुक्त गाडी, अवैध असलहा कारतूस, मोटर खोलने व काटने के उपकरण आदि सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खुर्जा देहात पर मुअसं - 22/25 धारा 3/4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा हैं । पुलिस ने गिरफ्तार किए अभियुक्तों के नाम विवेकउ पुत्र अनिल कुमार निवासी गांव आगेपुर थाना चंडौस जनपद अलीगढ़। हाल पता- 134 गुलशन बिहार कस्बा व थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर देवेन्द्र पुत्र रामपाल निवासी मुरारी नगर निकट फायर स्टेशन कस्बा व थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर विजय पुत्र सुनील निवासी गोकुल बिहार कालोनी कस्बा व थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर अभियुक्तों द्वारा थाना खुर्जा देहात क्षेत्रान्तर्गत ग्राम अच्छेजा घाट से नलकूपों के मोटर तोड़कर तार चोरी कने की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना खुर्जा देहात पर मुअसं- 482/24 धारा 303-(2) बीएनएस पंजीकृत हैं। बरामदगी के आधार पर इस अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी हैं।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में मौहम्मद असलम प्रभारी निरीक्षक थाना खुर्जा देहात उ0नि0 धीरज राठी है0का0 विवेक कुमार, है0का0 नितिन कुमार, का0 धर्मवीर सिंह आदि शामिल रहे।

# साइबर अपराध की घटना होने पर तत्काल अपने निकटतम थाने पर जाकर शिकायत दर्ज कराएं





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। बुलंदशहर शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर श्लोक कुमार के निर्देशानुसार साइबर क्राइम पुलिस थाने की टीम द्वारा सेठ मंगलसेन डिग्री कालेज छतारी जनपद बुलन्दशहर में छात्र/छात्राओ को साइबर अपराध से बचाव हेतु जागरूक किया गया तथा बताया गया कि वर्तामान समय में किस-किस तरह के साइबर अपराध प्रचलित है एवं साइबर अपराधी किस तरीके से आम जन-मानस को अपना शिकार बनाते है।

इन सभी साइबर अपराधो से बचाव के विषय में विस्तृत जनकारी दी गयी। सभी को बताया गया कि जनपद के सभी थानों पर साइबर हैल्प डेस्क का गठन किया गया है। साइबर अपराध की घटना होने पर तत्काल अपने निकटतम थाने पर जाकर शिकायत दर्ज करायी जा सकती है।

# निष्पक्ष कार्यशैली और क्षेत्र में अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए व्यापारियों ने कोतवाली प्रभारी सुनीता मलिक को किया सम्मानित

## घटनाओं के खुलासे के लिए थाना प्रभारी का जताया आभार

उजाला हितैषी एक्सप्रेस
सैय्यद मजहर



बुलंदशहर। गुलावठी। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के एक प्रतिनिधि मण्डल ने व्यापारी नेता अमरीश गोयल के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक सुनिता मलिक को सम्मानित किया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों व व्यापारियों ने कोतवाली प्रभारी सुनीता मलिक को अपराध व अपराधियों पर सख्त व तुरंत कार्यवाही करने के लिए सम्मानित किया। व्यापारियों ने प्रतीक चिह्न देकर थाना प्रभारी का सम्मान किया तथा घटना के खुलासे के लिए आभार जताते हुए शुभकामनायें दी। व्यापारी नेता अमरीश गोयल ने कहा कि कोतवाली प्रभारी सुनीता मलिक की कार्य शैली व पुलिस टीम की अपराध के प्रति तुरंत कार्यवाही काबिले तारीफ है। इस मौके पर पारित चैधरी जिला महामंत्री, संजीव गोयल डिग्गू सभासद, सचिन गर्ग बस वाले, रामलीला समिति के अध्यक्ष सौरभ गर्ग जुगनू, राहुल अग्रवाल सोनू, कुलदीप सिंघल नय्यर बझेडे वाले आदि मौजूद रहे।

# खेल से होता है परस्पर भाईचारा और शारीरिक और मानसिक विकास खेल खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना ही हमारा मुख्य उद्देश्य, शोएब मेवाती

उजाला हितैषी एक्सप्रेस
सैय्यद मजहर



बुलंदशहर । गुलावठी नगर पालिका परिषद के चेयरमैन प्रत्याशी रहे शोएब मेवाती एवं युवा समाजसेवी समीर मेवाती ने दादरी क्रिकेट टूर्नामेंट का संयुक्त रूप से फीता काटकर खेल का शुभारंभ किया और पहली बॉल खेलकर खेल को आगे बढ़ाया ! इस अवसर पर अपने विचार प्रकट करते हुए शोएब मेवाती ने कहा कि क्षेत्र में अच्छे खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है सिर्फ प्रतिभा को निखारने के लिए हमें थोड़ी सी कोशिश अवश्य करनी होगी ! खेलों से हमारे अंदर पारस्परिक प्रेम भाईचारा तो बढ़ता ही है साथ ही साथ मानसिक और शारीरिक विकास भी होता है खेल हमें मित्रता अनुशासन और बहुत से गुण सिखाता है हमें खेल को खेल की भावना से खेल कर अपने क्षेत्र अपने विद्यालय और अपने शहर का नाम रोशन करना चाहिए ! हम निरंतर इस प्रयास में रहते हैं कि अच्छे खिलाड़ियों का हमेशा प्रोत्साहन करते रहे ! इस अवसर पर नहीम, फखरुद्दीन मेवाती एवं आयोजक अब्दुल कादिर हाफिज वसीम डॉक्टर मुकर्रम और जमशेद भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए ! इस अवसर पर आयोजकों ने कहा कि टूर्नामेंट का उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर आगे बढ़ाना है जिससे खिलाड़ियों में क्रिकेट के प्रति रुचि बड़े और इस खेल में वृद्धि हो।

# श्रुति शर्मा बनी बुलंदशहर की जिलाधिकारी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में एसीईओ के पद पर तैनात श्रुति को बुलंदशहर का डीएम बनाया गया है। श्रुति को उत्तर प्रदेश के तेजतर्रार रिजल्ट ओरिएंटेड आईएएस अधिकारियों में गिना जाता है। बुलंदशहर में तैनात DM सीपी सिंह को मथुरा का डीएम बनाया गया है। बुलंदशहर में उनका 3 वर्ष 4 महीने का कार्यकाल रहा है। यूपीएससी परीक्षा भारत की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक है और हर साल बड़ी संख्या में उम्मीदवार इस परीक्षा में शामिल होते हैं, इसलिए इसे पास करना कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। कुछ लोग दृढ़ निश्चयी होते हैं, जिसके कारण वे हर फेज में परीक्षा में सफल होते हैं। आज हम यूपीएससी टॉपर आईएएस श्रुति शर्मा की प्रेरक सफलता की कहानी के बारे में बात करेंगे। श्रुति शर्मा उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले की रहने वाली हैं। उन्होंने दिल्ली के सरदार पटेल विद्यालय से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की, दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफंस कॉलेज से कॉलेज की पढ़ाई की और फिर यूपीएससी की तैयारी के लिए प्रतिष्ठित जामिया मिलिया इस्लामिया रेजिडेंशियल कोचिंग एकेडमी में दाखिला लिया। उन्होंने कड़ी मेहनत की और एक स्टूडेंट से आईएएस अधिकारी बनने तक का उनका सफर अब कई लोगों के लिए मोटिवेशन है IAS श्रुति शर्मा की साल भर की मेहनत रंग नहीं ला पाई, क्योंकि वह सिर्फ एक नंबर से UPSC इंटरव्यू में असफल रहीं। हालांकि, इससे श्रुति रुकी नहीं। सही नजरिए और सोच के साथ, श्रुति ने इसे बड़ी उपलब्धि की ओर एक कदम के रूप में देखा। अपने अगले अटेंप्ट में, उन्होंने अपनी दृढ़ता और कड़ी मेहनत से ऑल इंडिया रैंक (AIR)-1 हासिल की। आखिरकार, उसकी मेहनत रंग लाई। जिस लड़की को सिर्फ एक नंबर की वजह से इंटरव्यू कॉल से बाहर होना पड़ा था, उसने AIR-1 हासिल किया. 26 मई 2024 तक श्रुति शर्मा आवास एवं शहरी मामलों के विभाग में सहायक सचिव के पद पर तैनात हैं। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में श्रुति शर्मा को कुल 1105 अंक हासिल हुए थे। जिसमें मेन्स में 932 नंबर और इंटरव्यू राउंड में 173 नंबर मिले थे। एक इंटरव्यू में श्रुति ने बताया था कि यूपीएससी की तैयारी के लिए सबसे अधिक मदद न्यूज पेपर ने की थी। वह करंट अफेयर्स के नोट्स न्यूज पेपर से बनाती थीं। श्रुति परिवार की अकेली सदस्य हैं, जिन्होंने कला वर्ग को चुनकर इतिहास पढ़ा। जबकि परिवार में सभी विज्ञान से पढ़े हुए हैं। श्रुति के परदादा जिले के नामचीन वैद्य रहे हैं, जबकि दादा भी डॉक्टर रहे हैं। ताऊ और तहेरी बहन डॉक्टर हैं और श्रुति के पापा इंजीनियर। श्रुति ने परिवार में सबसे अलग राह पकड़ी और कला वर्ग को चुन लिया। जिन्होंने इतिहास कुरेद कर सिविल सर्विसेज में सफलता की कुंजी को ढूंढ निकाला।

# नेहरू युवा केंद्र बुलंदशहर की पहल युवा शक्ति के साथ सड़क सुरक्षा जागरूकता की ओर एक सशक्त कदम











उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। बुलंदशहर नेहरू युवा केंद्र, बुलंदशहर के तत्वावधान में एवं यातायात पुलिस बुलंदशहर के सहयोग से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत पांच दिवसीय कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ पुलिस लाइन, बुलंदशहर के सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम में 25 युवा स्वयंसेवकों को शहर के प्रमुख मार्गों जैसे स्याना अड्डा, भूड़ चौराहा, कला आम चौराहा आदि पर तैनात किया गया। इन स्वयंसेवकों ने न केवल यातायात नियंत्रण में सहयोग किया, बल्कि आम जनता को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के महत्व के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर क्षेत्राधिकारी यातायात रामकरण, जिला युवा अधिकारी आकर्ष दीक्षित और ट्रैफिक इंस्पेक्टर संजय वर्मा उपस्थित रहे। जिला युवा अधिकारी आकर्ष दीक्षित ने अपने संबोधन में कहा युवा पीढ़ी समाज में बदलाव लाने की सबसे बड़ी ताकत है। सड़क सुरक्षा जागरूकता जैसे अभियानों में उनकी भागीदारी समाज को सुरक्षित और सुदृढ़ बनाने में सहायक होगी। नेहरू युवा केंद्र युवाओं के साथ मिलकर ऐसी पहल आगे भी करता रहेगा। क्षेत्राधिकारी यातायात रामकरण ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल यातायात पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि यह हर नागरिक की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। युवाओं का यह उत्साह और योगदान एक बड़ी सामाजिक बदलाव की नींव रखेगा। ट्रैफिक इंस्पेक्टर संजय वर्मा ने कहा कि युवाओं की भागीदारी से ही सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है। यह पहल नागरिकों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करेगी और यातायात पुलिस युवाओं के इस प्रयास में हमेशा साथ खड़ी है।कार्यक्रम के दौरान पंफ़लेट वितरण यातायात सुरक्षा कार्यशालाएं जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। इन गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को यातायात नियमों के महत्व को समझाया गया। अभियान को डिजिटल माध्यम से भी प्रचारित किया गया, जिसमें #MY-Bharat, #SafeRoads, #Drive-Safe, #YouthForRoadSafety और #RoadSafetyWeek2025 जैसे हैशटैग का उपयोग किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई बुलंदशहर का भी सक्रिय योगदान रहा। इस अभियान के अंतर्गत सभी युवा स्वयंसेवकों को अपने-अपने विकास खंडों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने के लिए प्रेरित किया गया ताकि यह पहल अधिक व्यापक स्तर पर समाज में सकारात्मक बदलाव ला सके।

# मुख्य विकास अधिकारी महोदय श्री अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में ई-लॉटरी का हुआ आयोजन



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

गाजियाबाद। दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी महोदय श्री अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में ई-लॉटरी का आयोजन किया गया। ई-लॉटरी के समय राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (दलहन), राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (तिलहन) तथा सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन के अन्तर्गत यन्त्रों की विकास खण्डवार ई-लॉटरी के माध्यम से कृषकों का चयन किया गया है। सबसे पहले सी0एच0सी0 ग्रामीण उद्यमी की ई-लॉटरी द्वारा कृषकों का चयन किया गया। सी0एच0सी0 हेतु 22 कृषकों के पंजीकरण के सापेक्ष 22 कृषकों का चयन ई-लॉटरी द्वारा किया गया। इसी क्रम में 20 रोटावेटर हेतु 02 कृषकों चयन, कल्टीवेटर हेतु 05 कृषकों के सापेक्ष 01 सुपर सीडर हेतु 5 पंजीकृत कृषकों के सापेक्ष 4 का चयन तथा टैक्ट्रर माउन्टेड क्राप रीपर हेतु 02 कृषकों के सापेक्ष 01 कृषक का चयन किया गया। सभी विकास खण्डों के ग्राम पंचायतों से लगभग 55 कृषक तथा ई-लॉटरी हेतु समिति के सदस्यों द्वारा कार्यकम में प्रतिभाग किया गया। उपस्थित कृषक जिनका चयन हुआ समिति के सामने पारदर्शी तरीके से कृषको के यन्त्रों का चयन किया गया। जिन कृषकों का चयन ई-लॉटरी के समय किया गया, उपस्थित जन समुदाय द्वारा ताली बजाकर बधाई एवं शुभकामनाए प्रेषित की गयी। इस कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक, जिला उद्यान अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता, श्री गुफरान प्रगतिशील कृषक, श्री सन्नी एफ0पी0ओ0 सदस्य, प्रतिनिधि जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी कार्यालय से सहायक जिला सूचना अधिकारी आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया। मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है आज का आधुनिक युग मशीनीकरण का युग है। अतः उपस्थित कृषकों को कृषि यन्त्रों के प्रयोग पर बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

# गन्ना चीनी बिक्री में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ । भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष पवन हूण गुर्जर के नेतृत्व में गन्ना जिला अधिकारी से मिला। बैठक में प्रतिनिधिमंडल ने सिंभावली और बृजनाथपुर चीनी मिलों द्वारा 71,000 कुंतल चीनी को मार्केट रेट से ₹300 प्रति कुंतल कम दाम पर बेचने के मामले को उठाया। किसानों ने बताया कि इस गैरकानूनी बिक्री का सीधा असर उनके गन्ना भुगतान पर पड़ा है। किसानों ने कहा कि जिस दाम पर चीनी बेची गई, उस दाम पर तो मिलें किसानों को भी चीनी नहीं देती हैं। प्रतिनिधिमंडल ने इस मामले को बड़ा भ्रष्टाचार करार देते हुए मिल मैनेजमेंट को दोषी ठहराया। उन्होंने मांग की कि इस मामले की पूरी जांच की जाए और जो भी व्यक्ति या अधिकारी इसमें शामिल हैं, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। किसानों ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि प्रशासन ने इस पर जल्द कार्रवाई नहीं की तो भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) आंदोलन शुरू करने के लिए मजबूर होगी। इस आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी जिला गन्ना अधिकारी और जिला प्रशासन की होगी। इस बैठक में कटार सिंह, राजेंद्र डागर, राधेलाल त्यागी, मोनू त्यागी, मनोज तोमर, जतिन समेत कई किसान मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने किसानों की समस्याओं को जोरदार तरीके से उठाया और गन्ना भुगतान में पारदर्शिता लाने की मांग की। किसानों ने एकजुट होकर अपने अधिकारों की रक्षा करने का संकल्प लिया।

# मतदाता दिवस को लेकर जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में बैठक आहूत



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

गाजियाबाद। दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में मतदाता दिवस को लेकर जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में बैठक आहूत हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने मतदान प्रतिशत को बढ़ाने और मतदाता सूची में बेहतर सुधार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि यदि हम मतदाता सूची में बेहतर सुधार करेंगे और मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करते रहेंगे तो जनपद के मतदान प्रतिशत में सकारात्मक सुधार आयेंगे। हमें जमीनी स्तर पर कार्य करना है और अपने—अपने ब्लॉक एवं क्षेत्र में कार्यरत बीएलओ सहित अन्य अधिकारियों की मॉनीटरिंग करते हुए उन्हें आवश्यक दिशा—निर्देश देने हैं, समयनुसार स्वयं भी जांच व निरीक्षण करना चाहिए। हमें मतदाताओं को सिर्फ मतदाता दिवस के दिन ही नहीं अपितू अन्य दिवस पर भी मतदान की महत्ता के प्रति जागरूक करना है। बैठक में मुख्य रूप से मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल, एडीएम ई श्री रणविजय सिंह, एडीएम एल/एल श्री विवेक मिश्र सहित अन्य गणमान्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई आधार कार्ड अपडेट को लेकर बैठक

## 15 से 17 वर्ष के सभी लोगों की बायोमेट्रिक अवश्य कराई जाए





**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ । जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा व मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आधार कार्ड अपडेट कराए जाने को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने जनपद की समस्त सीएससी सेंट्रो के संचालकों को निर्देशित किया कि सीएससी सेंटर पर आने वाले आधार करेक्शन को जल्द से जल्द अपडेट करना सुनिश्चित करें, जिससे शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने में लाभार्थियों को किसी प्रकार की समस्या ना आए। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जिन छात्र -छात्राओं के आधार कार्ड अपडेट ना होने के कारण छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है

उन छात्र-छात्राओं के आधार कार्ड अपडेट करने हेतु संबंधित को निर्देशित करें इसी के साथ उन्होंने यह भी निर्देश दिए की जिनके आधार कार्ड नहीं बन रहे हैं वह जन्म प्रमाण पत्र के माध्यम से अपना आधार कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आधार कार्ड अपडेट ना होने के कारण शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ से वंचित लाभार्थियों के आधार कार्ड अपडेट करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि 15 से 17 वर्ष के सभी लोगों की बायोमेट्रिक अवश्य कराई जाए।

उन्होंने जनपद के सभी सीएससी केंद्र संचालकों को निर्देशित किया कि आधार कार्ड करेक्शन एवं अपडेट की रेट सूची सभी सेंट्रो पर चस्पा होनी चाहिए। बैठक में सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना में अधिक से अधिक मत्स्य पालकों को मिले लाभ- जिलाधिकारी



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ । जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना का वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक मत्स्य पालकों को लाभ दिलाया जाए, जिससे मत्स्य किसानों की आय में वृद्धि हो सके व रोजगार सृजन भी हो सके। उन्होंने विभागीय अधिकारी मत्स्य को निर्देशित किया कि अपने विभाग की प्रगति में शत प्रतिशत पूर्ति करना सुनिश्चित करें साथ ही विभागीय समीक्षा बैठक का प्रत्येक माह आयोजन किया जायेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, सहायक निदेशक मत्स्य, मत्स्य जीवी सहकारी समिति के अध्यक्ष एवं सचिव तथा मत्स्य पालक उपस्थित रहे।

# एलायंस क्लब गौरव ने एकेपी डिग्री कॉलेज में वाटर कूलर किया भेंट



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। एलायंस क्लब गौरव के तत्वावधान में स्वर्ग आश्रम रोड पर स्थित आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में वाटर कूलर प्रदान करते हुए उसका शुभारंभ डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अजय बंसल ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम संयोजक पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डा आराधना बाजपेई ने कहा कि बालिकाएं नए भारत का भविष्य हैं। गर्मी के असहनीय मौसम में शीतल और शुद्ध जल मन को तृप्त करता है एवं शारीरिक बीमारियों से व्यक्ति को निजात दिलाता है। इसी उद्देश्य से संस्था ने विद्यालय को वाटर कूलर भेंट किया है। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अजय बंसल ने कहा कि एलायंस क्लब इस प्रकार के सेवा कार्यों से संस्था के गौरव में वृद्धि कर रहा है। विशिष्ट अतिथि पूर्व इंटरनेशनल एडवाइजर डा अनिल बाजपेई ने कहा कि विद्यार्थी ही आने वाली पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनका विकास और उनकी शिक्षा भविष्य के समाज,अर्थव्यवस्था,और राजनीति को प्रभावित करती हैं संस्था की अध्यक्ष मधु अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष पारुल अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय में वाटर कूलर द्वारा जल सेवा प्रदान करके संस्था एक आत्म संतुष्टि की अनुभूति कर रही है। संस्था इस तरह के सेवा कार्य निरंतर करती रहेगी। पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सिमरन गोयल ने कहा कि संस्था सेवा ही जीवन सेवा ही उद्देश्य को चरितार्थ कर रही है। वरिष्ठ अधिकारी रेखा सिंह ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। अर्चना कंसल अनीता गुप्ता,एवं सुनीता शर्मा ने भी अपने विचार रखे।

कार्यक्रम के अंत में डिग्री कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ साधना तोमर ने संस्था का आभार जताते हुए कहा कि एलायंस क्लब हापुड़ गौरव सचमुच में सेवा के कार्यों को करते हुए संस्था के लक्ष्य को प्राप्त कर रहा है।

उनके द्वारा प्रदत्त वाटर कूलर छात्राओं को न केवल सुविधा प्रदत्त करेगा अपितु शिक्षा के अनुकूल वातावरण बनाने में भी वृद्धि करेगा। इस अवसर पर अजय बंसल,डा अनिल बाजपेई, डा आराधना बाजपेई,मधु गर्ग,पारुल अग्रवाल,अनीता गुप्ता,अर्चना कंसल,सिमरन गोयल,रेखा सिंह, बीना वर्मा,सुनीता शर्मा,रजनी बंसल, डा साधना तोमर,डा जया शर्मा,अरुणा शर्मा,आभा शुक्ला,डा सरोज तनहा हर्षित,एवं अमित शर्मा उपस्थित रहे।

# वार्ड नं.10 में 6 लाख 3 हजार रूपए से होने वाले नाली व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्यों का पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी ने किया शिलान्यास



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर दस में सरकारी ट्यूब से लेकर रमेश के मकान व टिंकू के मकान तक नाली व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्यों का नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी ने नारियल फोड़ते हुए किया शिलान्यास। आपको बता दें शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी वार्ड नंबर 10 में पहुंची और उन्होंने सरकारी ट्यूब से लेकर रमेश व टिंकू के मकान तक करीब 6 लाख 3 हजार रूपए से होने वाले नाली व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्यों का पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी ने वार्ड सभासद मोहम्मद कासिम कुरैशी की मौजूदगी में नारियल फोड़ते हुए शिलान्यास कर लोगों को राहत देने के साथ लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने का कार्य किया। और वार्ड नंबर दस के सभासद कासिम कुरैशी ने बताया कि मे अपने वार्ड में हमेशा कार्य करवाता रहूंगा और जनता की सेवा करता रहूंगा वहीं जहां उससे पहले वार्ड वासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष का ढोल नगाड़ों के स्वागत के साथ महिलाओं ने फूलमालाओं पहनाते हुए जोरदार स्वागत किया और पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी ने जनता से कहा कि चुनाव के समय हापुड़ नगर के विकास को लेकर जो वादे किए थे। उन्हें अमल में लाकर पूरा किया जाएगा तथा किसी व्यक्ति को नगर पालिका कार्य संबंधी शिकायत है तो वह मुझसे सीधे संपर्क कर सकते हैं उनकी शिकायतों का जल्द ही समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर वार्ड सभासद मोहम्मद कासिम कुरैशी,नगर पालिका कर्मचारी एवं समस्त वार्ड के महिलाएं व पुरुष उपस्थित रही है।

# सोसायटी के चेयरमैन मौ दानिश कुरेशी ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ । आबिद मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट सेशन 2 का तीसरा मैच का आयोजन जेएमएस वर्ल्ड स्कूल ग्राउंड में किया गया जिसका उद्घाटन नगर पालिका परिषद हापुड़ के ब्रांड एंबेसडर मौ दानिश कुरेशी ने किया हापुड़ जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के क्रिकेट ग्राउंड पर आबिद मेमोरियल सीजन 2. का तीसरा मैच आबिद ब्लू व आबिद रेड के बीच खेला गया,

आबिद ब्लू के कप्तान शादाब की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर मे 7 विकेट में 180 रन बनाऐ आबिद रेड के कप्तान आशु की टीम ने 19.3 ओवर में 174 रन बनाकर ओल आऊट हो गयी ओर टीम ब्लू ने 6 रन से मैच जीत हासिल की कैप्टन आशु,कैप्टन शादाब, मोहसिन ने जानकारी देते बताया कि 7 जनवरी से 31 जनवरी तक आबिद मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है अब अगला मैच 22 व 24 जनवरी को गुरु नानक क्रिकेट अकैडमी ग्राउंड अकरोडी मे होगा इस मौके पर मुख्य अतिथि सोसायटी के चेयरमैन मौ दानिश कुरैशी, विशिष्ट अतिथि डा एन के सिह, अफजाल कुरैशी, कैप्टन आशु, कैप्टन शादाब, तैमूर अली टीएफसी, हाजी साजिद, मो मोहसिन, एडवोकेट मो उमर, शादाब एडवोकेट,काशिफ खान, परवेज अली, आसिफ, नवनीत, सलीम, बुल्टा, मो इमरान, समीर, सलमान, राशिद,साजिद खान,एडएम सिरोही, अफजाल कुरैशी,जैद अंसारी, सैफ अली खान अदनान, एनसीआर स्टार फिरोज चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# गढ़ विधायक से मिली क्षय रोग विभाग की टीम डीटीओ ने जन सहभागिता में सहयोग की अपील की नगर पालिका और रोडवेज से मांगा गया सहयोग





**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। गढ़मुक्तेश्वर जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डा. राजेश सिंह शुक्रवार को गढ़ विधायक हरेंद्र सिंह तेवतिया से मिले और उनसे 100 दिवसीय सघन टीबी उन्मूलन अभियान को लेकर जन सहभागिता में सहयोग की अपील की। डीटीओ ने गढ़ विधायक से अपील की कि पब्लिक के साथ मीटिंग के दौरान टीबी के प्रति अवेयरनेस दो शब्द अवश्य कहें। टीबी के जांच और उपचार के संबंध में जन- जन तक जानकारी पहुंचाने में क्षय रोग विभाग की मदद करें। इस मौके पर डीटीओ के साथ जिला पीपीएम समन्वयक सुशील चौधरी भी मौजूद रहे। बता दें कि डीटीओ के नेतृत्व में जिला क्षय रोग विभाग की टीम विधायक हापुड़ विजयपाल आढ़ती और विधायक धौलाना धर्मेश तोमर के सांसद अमरोहा कंवर सिंह तंवर से भी वार्ता इस तरह का निवेदन कर चुकी है। डीटीओ ने बताया कि 100 दिवसीय सघन टीबी उन्मूलन अभियान को मूल उद्देश्य टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में जन सहभागिता बढ़ाना है। जन सहभागिता से टीबी उन्मूलन संभव है। डीटीओ ने बताया कि इसी क्रम में शुक्रवार को गढमुक्तेश्वर नगर पालिका की ईओ मुक्ता सिंह और एआरएम रोडवेज हेमंत मिश्रा से भी कार्यक्रम में सहयोग की अपील की गई। डीटीओ ने बताया कि ईओ मुक्ता सिंह से नगर पालिका के कूड़ा कलेक्शन वाले वाहनों पर लगे पब्लिक एनाउंसमेंट सिस्टम के जरिए जन- जन को टीबी के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से विभाग की ओर से तैयार कराई गई जिंगल्स की रिकॉर्डिंग उपलब्ध कराई गई है। इसी प्रकार एआरएम रोडवेज से भी बस अड्डे के पब्लिक एनाउंसमेंट सिस्टम पर टीबी की प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए रिकॉर्डिंग उपलब्ध कराते हुए निवेदन किया गया है कि जन सहभागिता बढ़ाने में क्षय रोग विभाग की मदद करें। डीटीओ ने बताया हापुड़ बस अड्डे से लोगों को टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की लगातार जानकारी दी जा रही है। क्या दी रही है जानकारी क्षय रोग विभाग की ओर से जन- जन को यह बताने का प्रयास किया जा रहा है टीबी अब जानलेवा बीमारी नहीं रह गई है, इसका उपचार संभव है।

टीबी की जांच और उपचार की सुविधा सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध है। 15 दिन से अधिक खांसी, खांसते समय कफ या खून आना, सीने में दर्द रहना, बुखार रहना, रात में सोते समय पसीना आना, टीबी के लक्षण हो सकते हैं। इनमें से एक भी लक्षण आने पर जांच अवश्य कराएं। टीबी रोगी मास्क पहने और अपने परिजनों की जांच अवश्य कराएं।

# किसान संगठनों को एकजुट करके अपनी लड़ाई को मजबूत करना है-हरीश हूण





**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ । भारतीय किसान यूनियन लोकहित के नेतृत्व में संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के नेताओं ने पंजाब और राजस्थान के किसान नेता व भाकियू लोकहित के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रहलाद सिंह पुनिया की उपस्थित उदय होटल में बैठक आयोजित की। जहां किसान नेता हरीश हूण ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि पंजाब के वरिष्ठ किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल पिछले 50 से अधिक दिनों से आमरण धरने पर बैठे हैं एमएसपी का मुद्दा देश में सड़क से लेकर संसद तक गूंज रहा है लेकिन सरकार उद्योगपतियों के दबाव में किसान मजदूर की आवाज को दबा रही है तथा सार्वजनिक सुझावों के लिए केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वार प्रसारित कृषि विपपण राष्ट्रिय कृषि ढांचा में किसानों के अधिकारो की बलि और कॉर्पोरेट मुन्फे के लिए एक साजिश है तथा संविधान में अनुछेद 246 में कृषि क्षेत्र के जो अधिकार राज्य सरकारों के पास है उनको भी ख़त्म करने का षड़यंत्र है। बैठक में सर्व सहमति से महत्तवपूर्ण निर्णय हुआ कि एमएसपी के हक की लड़ाई को हर घर हर किसान तक लेकर जाना है और सभी किसान संगठनों को एक साथ एकजुट करके अपनी लड़ाई को मजबूत करना है तथा एमएसपी के साथ अपने क्षेत्रीय मुद्दे गन्ने का भाव और भुगतान की लड़ाई भी एमएसपी के साथ मजबूती से लड़नी है बैठक में उपस्थित जिला अध्यक्ष देवेन्द्र बाना ने हापुड के गन्ना किसानों की समस्या को भी उठाते हुए कहा कि जनपद हापुड में किसानों को ना गन्ने का भाव मिल रहा है ना बकाया भुगतान किया जा रहा है।

# फौजी से दस हजार की साइबर ठगी की रिपोर्ट दर्ज

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर । जहांगीराबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव में एक फौजी से 10 हजार रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित फौजी के पिता ने अज्ञात ठग के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। शुक्रवार को कुरैना निवासी रोहित सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उसका पुत्र जितेंद्र फौज में तैनात है जो कुछ समय पूर्व छुट्टी पर घर आया हुआ था। लगभग छह माह पूर्व जितेंद्र के फ़ोन पर एक अंजान नम्बर से कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को उसका रिश्तेदार बताया। आरोप है कि कॉल करने वाले व्यक्ति ने कहा कि वह बाजार में दवाई लेने आया हुआ है और उसके फ़ोन से रुपये ट्रांसफर नहीं हो रहे हैं। फ़ोन करने वाले ठग ने जितेंद्र से 10 हजार रुपये एक दूसरे मोबाइल नम्बर में ट्रांसफर करने के लिए कहा। जिसके बाद जितेंद्र ने रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में अपने रिश्तेदार से बात करने पर जितेंद्र को उसके साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने पीड़ित के पिता की तहरीर पर अज्ञात ठग के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# डीजे की तेज आवाज़ से परेशान लोगों ने एसडीएम से की शिकायत



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। पहासू क्षेत्र में खुर्जा -पहासू मार्ग स्थित निजी फार्म हाउस के खिलाफ स्थानीय लोगों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। शिकायतकर्ता हेमंत लोधी ने बताया है कि फार्म हाउस में पार्किंग की उचित व्यवस्था न होने के कारण रोड की दोनों ओर वाहन खड़े होने से रोड पर लम्बा जाम लग जाता है और आए दिन हादसे होते हैं वहीं रात्रि में फार्म हाउस में आयोजित कार्यक्रमों में देर रात तक तेज आवाज में डीजे चलने के कारण लोगों को काफ़ी परेशानी होती है इस सम्बन्ध में पहले भी कई बार शिकायतें की जा चुकी है।

## कथा के बैनर न लगाने देने का आरोप

ग्रेटर नोएडा । ग्रेटर नोएडा वेस्ट की ऐस सिटी सोसाइटी में एओए पर श्री रामचरितमानस महायज्ञ के बैनर न लगाने देने का आरोप लगाया गया है। कथावाचक और सोसाइटी के निवासी उपेंद्र नारायण ने बताया कि 2 से 10 फरवरी तक श्री रामचरितमानस महायज्ञ के लिए 10 दिन पहले एओए के साथ बैठक की गई। एओए की सभी शर्तों को मानते हुए कथा कराने की अनुमति ली गई। क्लब हाउस को बुक कर भुगतान भी कर दिया गया। अब सोसाइटी में बैनर लगाने की बात आई तो एओए नए-नए नियम बना रहा है। इस संबंध में एओए के उपाध्यक्ष वरुण से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## घर के बाहर मां-बेटे से मारपीट

ग्रेटर नोएडा । ग्रेनो वेस्ट के सैनी गांव में घर से बाहर बुलाकर मां-बेटे के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सेक्टर ईकोटेक-3 पुलिस के मुताबिक राहुल की शिकायत पर गौरव, अभिषेक, छोटू और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। राहुल का आरोप है कि आरोपी गौरव ने उसे फोन कर घर से बाहर बुलाया। इसके बाद उसके साथ मारपीट की गई। शोर सुनकर राहुल की मां बाहर निकली और बीचबचाव करने लगी। इस दौरान आरोपियों ने राहुल की मां के साथ भी मारपीट की। आरोप है कि आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## एटीएम से रुपये निकालने गए बुजुर्ग से ठगी

ग्रेटर नोएडा । ग्रेनो वेस्ट के चिपियाना गांव में एटीएम से रुपये निकालने गए बुजुर्ग के साथ ठगी हो गई। बूथ से बाहर आने के 20 मिनट बाद उनके खाते से 84,500 रुपये निकल गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कानपुर देहात निवासी 61 वर्षीय मनोज कुमार चिपियाना गांव स्थित हर्ष विहार कॉलोनी में अपने बेटे के साथ रहते हैं। बुजुर्ग ने पुलिस को बताया कि वह रविवार को एटीएम बूथ से रुपये निकालने गए थे। उन्होंने दो बार कोशिश की, लेकिन एटीएम से रुपये नहीं निकले। इसके बाद वह घर आ गए। करीब 20 मिनट बाद उनके खाते से कई बार में 84,500 रुपये निकाल लिए गए। इसके बाद पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी। बिसरख कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पीड़ित बुजुर्ग की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## उप्र एसटीएफ ने मुठभेड़ के दौरान एक लाख रुपए के इनामी बदमाश को किया गिरफ्तार

नोएडा । उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल की नोएडा इकाई और हाईवे थाने के संयुक्त पुलिस दल ने बृहस्पतिवार को यहां मुठभेड़ के दौरान एक लाख रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (एसटीएफ-नोएडा) राजकुमार मिश्रा ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली इस बदमाश के पैर में लगी है और फिर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मिश्रा के अनुसार घायल बदमाश की पहचान कैलाश पारदी के रूप में हुई है। वह जनपद कन्नौज में डकैती की एक घटना में वांछित था। उसकी गिरफ्तारी पर एक लाख का इनाम घोषित था। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस के अनुसार उसके पास एक देसी तमंचा, कारतूस, 1265 रुपए नगद बरामद किये गये। उन्होंने बताया कि इसके खिलाफ पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं।

## पुलिसदल पर गोलियां चलाने पर एक बदमाश को साढ़े तीन साल की सजा

नोएडा । गौतमबुद्ध नगर जनपद की एक अदालत ने बिसरख कोतवाली क्षेत्र के ग्रेनो वेस्ट में पुलिस दल पर गोलियां चलाने पर एक बदमाश को तीन साल से अधिक के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 2021 में पुलिस दल पर बदमाश सचिन उर्फ पप्पू ने गोलियां चलाई थीं जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ हुई थी। प्रवक्ता के अनुसार बाद में सचिन को पुलिस दल ने गिरफ्तार कर लिया था जो मैनपुर के राजपुर कला का रहने वाला है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया। प्रवक्ता के मुताबिक अदालत ने बदमाश को दोषी करार देकर उसे तीन साल पांच माह एवं 10 दिन के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने उसपर तीन हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अदालत ने कहा कि जुर्माना नहीं भरने पर सचिन को 15 दिन की अतिरिक्त कारावास काटना होगा। पुलिस के अनुसार 'गैंगस्टर एक्ट' में एक अन्य अदालत ने बदमाश मोहित अवाना को चार वर्ष चार माह एवं 25 दिन के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है एवं उसपर पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने कहा कि जुर्माना नहीं भरने पर मोहित को और सात दिन सलाखों के पीछे रहना होगा।

## नोएडा के अलग-अलग क्षेत्रों में मिले तीन लोगों के शव

नोएडा । नोएडा के अलग-अलग क्षेत्रों में तीन लोगों के शव मिले हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। दादरी थाने के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि बृहस्पतिवार को पुलिस को सूचना मिली कि अजायबपुर के डाबरा गोलचक्कर के पास एक अज्ञात महिला का शव जली अवस्था में पड़ा है। उन्होंने बताया कि इस मृत महिला की उम्र 19 वर्ष है। उन्होंने बताया कि उसकी मौत कैसे हुई तथा वह कौन है, इस बात का पता लगाया जा रहा है। कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है और जांच के लिए पुलिस की तीन टीम बनायी गयी हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि एक अन्य मामले में थाना दादरी क्षेत्र में 32 वर्षीय एक व्यक्ति का शव कल मिला जिसे पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण का पता चलेगा। ईकोटेक- 3 थाने के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडे ने बताया कि इस थानाक्षेत्र में 40 वर्षीय एक व्यक्ति का शव नाले में मिला है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। पुलिस के अनुसार जहां-जहां शव मिले हैं, उसके आसपास के लोगों और सोशल मीडिया के माध्यम से मृतकों की पहचान कराई जा रही है।

## दिल्ली-एनसीआर में ठंड और कोहरे को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी

नई दिल्ली । दिल्ली-एनसीआर सहित कई राज्यों में शीतलहर का प्रकोप जारी है। शुक्रवार सुबह से दिल्ली-एनसीआर, यूपी, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, मध्यप्रदेश, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में कोहरा छाया हुआ है। दिल्ली समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आईएमडी ने कोहरे और ठंड को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में तापमान में हल्का बदलाव देखने को मिलेगा। शुक्रवार और शनिवार को कोहरा छाया रह सकता है। लेकिन, उसके बाद मौसम साफ बना रहने की उम्मीद है। दिल्ली में घने कोहरे को देखते हुए मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आगामी दो दिनों को लेकर भी चेतावनी दी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 18 और 19 जनवरी को घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। दिल्ली में गुरुवार को बारिश के बाद आसमान साफ रहा और न्यूनतम तापमान 10.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.7 डिग्री अधिक है। दिल्ली में 21 और 22 जनवरी को भारी बारिश की आशंका जताई गई है। इस बीच बारिश और हवाओं की गति बढ़ने से दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता में खास सुधार नहीं हुआ है। एक्यूआई 386 से घटकर 302 पर पहुंच गया है। इस वजह से ग्रैप 4 के प्रतिबंध हटा दिए गए हैं।, प्रदूषण को नियंत्रित रखने के लिए ग्रैप-3 के तहत कुछ पाबंदियां लागू रहेंगी। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों में हल्की बारिश, घने कोहरे और ठंडी हवाओं का प्रभाव रहेगा। दिल्ली के अलावा उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कई इलाकों में घना कोहरा छाने की संभावना है, जिससे विजिबिलिटी कम हो सकती है। गुरुवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 10.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.7 डिग्री अधिक था। दिन में आर्द्रता का स्तर 74 से 100 प्रतिशत के बीच रहा। विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 19.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो इस मौसम के लिए सामान्य है।

# जेल गए किसानों के सम्मान में पृथला गांव में हुआ स्वागत समारोह




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

नोएडा । नोएडा, जनपद गौतम बुध नगर में चल रहे किसान आंदोलन में जेल गए किसानों के सम्मान में भारतीय किसान परिषद ने गांव पृथला सेक्टर- 122, नोएडा पर सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया! सम्मान समारोह में किसानों के हक अधिकारों की मजबूती से लड़ाई लड़ने वाले किसान नेता सुखबीर खलीफा, डॉक्टर रुपेश वर्मा, सोरन प्रधान, उदल आर्य, जयवीर प्रधान, वीर सिंह नागर, प्रमोद शर्मा, गंगेश्वर दत्त शर्मा सहित सैकड़ो किसानों को फूल माला पहनाकर व पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखबीर खलीफा, अखिल भारतीय किसान सभा गौतम बुध नगर जिलाध्यक्ष डॉ रुपेश वर्मा, किसान एकता संघ के अध्यक्ष सोरन प्रधान ने किसान आंदोलन की पूरी जानकारी लोगों के सामने विस्तार से रेखांकित करते हुए आगामी आंदोलन के लिए क्षेत्र के किसानों को उत्साहित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मजदूर संगठन सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि चल रही लड़ाई हमारे वर्तमान और भविष्य की पीढ़ी की लड़ाई है इस लड़ाई को हमें हर हाल में लड़कर जितना ही होगा।

# बेहतरीन और भविष्योन्मुख है भारतीय ऑटो उद्योग- मोदी




नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग को बेहतरीन और भविष्योन्मुख बताते हुए शुक्रवार को कहा कि कई कारक हैं, जो ऑटो क्षेत्र को गति देने का काम कर रहे हैं। श्री मोदी ने यहां भारतमंडपम में 'भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो' का शुभारंभ करते हुए कहा कि हम एक ऐसी गतिशीलता प्रणाली पर काम कर रहे हैं, जो अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी का समर्थन कर सके। उन्होंने कहा कि ऑटो सेक्टर के विकास के लिए आवश्यकता और आकांक्षा दोनों की आवश्यकता होती है। भारत में दोनों ही जीवंत हैं। आने वाले कई दशकों तक भारत दुनिया का सबसे युवा देश बनने जा रहा है। यही युवा आपके ग्राहक हैं, क्योंकि वे बहुत बड़ी मांग पैदा करते हैं।

आपका दूसरा ग्राहक मध्यम वर्ग है। एक ऐसी प्रणाली की जरूरत है, जो जीवाश्म ईंधन के आयात पर हमारे बिल को कम कर सकती है इसलिए, आज भारत हरित प्रौद्योगिकी, ईवी, हाइड्रोजन ईंधन और जैव ईंधन के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत की यात्रा, मोबिलिटी सेक्टर के भी अभूतपूर्व ट्रांसफॉर्मेशन की, कई गुना विस्तार की यात्रा होने वाली है। गतिशीलता को बढ़ावा देने वाले कई कारक हैं, जैसे युवाओं की आबादी। मध्यम वर्ग में लगातार वृद्धि। शहरीकरण में वृद्धि। आधुनिक बुनियादी ढाँचा। मेक इन इंडिया के ज़रिए किफायती वाहन। उन्होंने कहा कि ऑटो उद्योग के विकास में मेक इन इंडिया पहल ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। मेक इन इंडिया पहल को पीएलआई योजना से बढ़ावा मिला है। इस योजना ने 2.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री में मदद की है। इस योजना ने ऑटो सेक्टर में 1.5 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित किए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यात्रा को आसान बनाना भारत की बड़ी प्राथमिकता है। पिछले बजट में अवसंरचना के विकास के लिए 11 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का प्रावधान किया गया था। आज हम मल्टी लेन और हाईवे का जाल बिछा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोबिलिटी से जुड़े 7सी के तहत हमारे मोबिलिटी सॉल्यूशन ऐसे हों, जो कमान,कनेक्टेड, कन्वेनिएंट, कन्जेशन मुक्त, चार्ज्ड, क्लीन ओर कटिंग ऐज होनी चाहिए। ऐसी टेक्नोलॉजी के विकास पर हमारा काफी फोकस है। ऑटोमोटिव उद्योग इनोवेशन ड्राइवन और टेक्नोलॉजी ड्राइवन भी है। इनोवेशन हो, टेक हो और स्किल हो या फिर मांग हो। आने वाला समय पूर्व का है, एशिया का है, भारत का है। उन्होंने कहा कि आज का भारत आकांक्षाओं से भरा हुआ है, युवा ऊर्जा से भरा हुआ है। यही आकांक्षाएं हमें भारत की ऑटोमोटिव इंडस्ट्री में दिखाई देती है। बीते साल में भारत की ऑटो इंडस्ट्री करीब 12 प्रतिशत की ग्रोथ से आगे बढ़ी है। मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड के मंत्र पर चलते हुए अब निर्यात भी बढ़ रहा है। श्री मोदी ने कहा, पिछली बार जब मैं आपके बीच आया था, तब लोकसभा के चुनाव ज्यादा दूर नहीं थे। उस दौरान मैंने आपके सबके विश्वास के कारण कहा था कि अगली बार भी %भारत मोबिलिटी एक्सपो% में जरूर आऊंगा। देश ने तीसरी बार हमें आशीर्वाद दिया, आप सभी ने मुझे यहां बुलाया, इसके लिए मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष भारत मोबिलिटी एक्सपो का दायरा काफी बढ़ गया है। पिछली बार 800 से ज्यादा प्रदर्शक ने हिस्सा लिया, 1.5 लाख से ज्यादा लोगों ने विजिट किया। इस बार भारत मंडपम के साथ-साथ द्वारका के यशोभूमि और ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में भी ये एक्सपो चल रहा है। आने वाले 5-6 दिनों में बहुत बड़ी संख्या में लोग यहां आएंगे। अनेक नई गाड़ियां भी यहां लॉन्च होने वाली हैं। ये दिखाता है कि भारत में मोबिलिट के भविष्य को लेकर कितनी सकारात्मकता है। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, एच डी कुमारस्वामी, पीयूष गोयल, मनोहर लाल और जीतनराम मांझी भी मौजूद थे।

## भाजपा के सत्ता में आने पर मालवीय नगर में 21 पहलों पर किया जाएगा काम - सतीश उपाध्याय




नई दिल्ली । मालवीय नगर से भाजपा उम्मीदवार सतीश उपाध्याय ने शुक्रवार को ग्रीन पार्क में प्रेस वार्ता कर कहा कि आम आदमी पार्टी ने जनता से किए वादे पूरे नहीं किए। उन्होंने कहा कि दिल्ली को पेरिस या लंदन बनाने के सपने अधूरे रह गए और लोग बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। दूषित पानी की आपूर्ति और सीवर का पानी पीने के पानी में मिलना स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। उपाध्याय ने कहा कि यदि हमारी सरकार सत्ता में आती है तो हम मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए 21 निम्नलिखित प्रमुख पहल करेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सभी समस्याओं का सिंगल विंडो समाधान किया जाएगा और जनता के प्रति समयबद्ध सीमा में जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी। -बढ़े हुए बिजली और पानी के बिलों की जांच करके गलत बिलों को कैंसिल किया जाएगा। -कचरे का ढेर तत्काल प्रभाव से हटाया जाएगा और कचरा प्रबंधन एवं स्वच्छता पर पूरी निगरानी रखी जाएगी। -खुले नाले, जलभराव एवं सीवरेज सुधार जैसे कार्यों को एक्सपर्ट कमिटी द्वारा जांच करवाकर स्थायी समाधान की व्यवस्था की जाएगी। -हर घर जल योजना के तहत स्वच्छ पेयजल की सप्लाई हो और पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच हो, ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, ताकि जनता को अशुद्ध पेयजल से निजात मिल सके। -भारत योजना को लागू करने के साथ-साथ स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की अनिवार्य उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी एवं मल्टीस्पेशलिटी सेंटर्स उपलब्ध कराए जाएंगे। -विधानसभा के भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में ट्रैफिक नियंत्रण करेंगे और सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाएगा। -सोसायटी की विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु हर माह आरडब्ल्यू और संबंधित अधिकारियों के साथ नियमित बैठकें आयोजित की जाएंगी। -सभी पार्कों में वॉकिंग ट्रैक, बच्चों के लिए खेल परिसर और फिट इंडिया कार्यक्रम होंगे। इसके साथ ही क्षतिग्रस्त झूलों, बेंचों एवं ओपन जिम का नवीनीकरण भी कराया जाएगा। -मार्केट में जन-सुविधा हेतु स्मार्ट स्ट्रीट फर्नीचर लगवाए जाएंगे। -पार्किंग सुविधाओं को बढ़ाते हुए मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण होगा। -सभी धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण एवं आस-पास की व्यवस्था ठीक करेंगे। -नई प्रतिभाओं और युवाओं के लिए कल्चरल सेंटर्स, टेक्नॉलिजी सेंटर्स और हैप्पीनेस कॉर्नर्स की स्थापना की जाएगी, जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके। -मालवीय नगर की आबादी को देखते हुए डीटीसी बसों की संख्या में बढ़ोतरी करेंगे। -पिछले 10 वर्ष से ठप पड़ी राशनकार्ड रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को दोबारा शुरू करेंगे और नए राशन कार्ड बनवाने का काम करेंगे। -मालवीय नगर को डॉर्क स्पॉट फ्री करने के लिए वहां हाईमास्ट लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी, जिससे महिलाओं को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराया जा सके। -खाली पड़ी सरकारी जगहों का सर्वे कराकर पार्क, वृद्धाश्रम, पब्लिक लाइब्रेरी जैसे जनहित के कार्य करेंगे। -मालवीय नगर के सभी गांवों की मूलभूत समस्याओं का निराकरण करेंगे। -मालवीय नगर में बिजली की तारों के जाल की समस्या को ठीक करने के लिए अंडरग्राउंड वायरिंग की व्यवस्था करेंगे। -कीर्तन मंडली को ध्यान में रखते हुए कम्युनिटी सेंटर्स खुलवाए जाएंगे। -सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए सीसीटीवी लगाए जाएंगे। -रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए एक्सपर्ट कमिटी द्वारा राय लेकर व्यवस्थाओं को ठीक करेंगे। -क्षेत्र में हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए, हम आवासीय और व्यावसायिक स्थानों में सौर पैनलों की स्थापना को प्रोत्साहित करेंगे हैं और संबंधित प्रावधानों के अनुसार प्रोत्साहन और रियायतें प्रदान करेंगे। अंत में उपाध्याय ने कहा कि दिल्ली की जनता केजरीवाल सरकार को उचित जवाब देगी। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 और डिजिटल इंडिया के विजन से मालवीय नगर का समग्र विकास होगा और दिल्ली में कमल अवश्य खिलेगा।

## गलगोटिया विश्वविद्यालय में 77वें सेना दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का किया गया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

नोएडा । ग्रेटर नोएडा 77वां सेना दिवस पूरे देश में गर्व और उत्साह के साथ मनाया गया। यह ऐतिहासिक अवसर हमें उस गौरवशाली पल की याद दिलाता है जब 15 जनवरी 1949 को जनरल के.एम. करिअप्पा भारतीय सेना के पहले भारतीय कमांडर-इन-चीफ बने थे। यह शौर्य दिवस हमारे सैनिकों के अदम्य साहस, अटूट समर्पण और बलिदान को सम्मानित करता है, जो हमारी मातृभूमि की सुरक्षा और संप्रभुता के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। इस मौके पर देशभर में भव्य परेड, सैन्य प्रदर्शनी और पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में सशस्त्र बलों की शक्ति और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया, जो हर भारतीय के लिए एक गर्व का विषय है। इस पावन दिवस पर गलगोटिया विश्वविद्यालय के चांसलर सुनील गलगोटिया ने कहा कि आज के दिन पूरे देश भर में हमारे वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और पूर्व सैनिकों को उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया। आगे उन्होंने कहा सेना दिवस न केवल हमारी सेना की वीरता को सलामी देने का अवसर है, बल्कि यह देशवासियों के ह्रदय में देशभक्ति और एकता की भावना को भी प्रोत्साहित करता है। देशभक्ति, एकता और वीरता का महान उत्सव है सेना दिवस। गलगोटियास विश्वविद्यालय ने भी इस शुभ अवसर पर अपने देश की सेना के वीरों के सम्मान में अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक रक्तदान शिविर और पोस्टर प्रतियोगिताओंका आयोजन किया। इन आयोजनों में छात्रों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और समाज को सेवा का संदेश भी दिया। गलगोटिया विश्वविद्यालय के सीईओ डा0 ध्रुव गलगोटिया ने कहा कि हमारे देश की सेना के वीर जवान हमारे लिये भगवान का ही दूसरा रूप हैं। पूरा देश उनके अदम्य साहस और उनकी कर्तव्यपरायणता को नमन करता है। सेना दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हमारे सैनिकों का बलिदान और समर्पण ही है, जो हमारे देश को सुरक्षित और मजबूत बनाए हुए है। इस पावन दिन पर राष्ट्र के वीर नायकों को शत शत नमन।

## अरविंद केजरीवाल ने छात्रों के लिए की घोषणा, सरकार बनने के बाद बस में सफर रहेगा फ्री



नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक और चुनावी घोषणा कर दी है। इसके जरिए उन्होंने दिल्ली के छात्रों को साधने की कोशिश की है। अरविंद केजरीवाल की घोषणा के मुताबिक अब सरकार बनने के बाद दिल्ली की बसों में छात्रों को फ्री यात्रा का लाभ मिलेगा। अरविंद केजरीवाल ने इसके साथ-साथ मेट्रो में भी छात्रों को 50 प्रतिशत किराए में छूट देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पढ़ेंगे तभी आगे बढ़ेंगे देश। उन्होंने कहा कि ऐसे बहुत गरीब लोग हैं, गरीब बच्चे हैं जिनकी शिक्षा इस वजह से छूट जाती है क्योंकि उनके पास स्कूल, कॉलेज जाने के लिए पैसे नहीं होते। उन्होंने कहा कि एक सबसे बड़ा ऐलान आज मैं यह कर रहा हूं कि हमारी सरकार बनने पर स्टूडेंट्स को भी बस में सफर फ्री दिया जाएगा। अभी महिलाओं को तो फ्री बस का सफर है। तो जो फीमेल स्टूडेंट्स हैं, उनको तो इसका फायदा मिलता है लेकिन मेल स्टूडेंट्स को नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि दिल्ली के अंदर हम देखते हैं कि अधिकतर स्टूडेंट्स मेट्रो का इस्तेमाल करते हैं। मेट्रो दिल्ली की लाइफलाइन है और मेट्रो बहुत महंगी हो गई है। मेट्रो का किराए वहन करने में स्टूडेंट्स को बहुत तकलीफ होती है। उन्होंने कहा कि मेट्रो दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार का 50-50 वेंचर्स है। प्रॉफिट होता है तो 50-50 शेयर होता है। लॉस होता है तो 50-50 शेयर होता है। जितना कैपिटल इन्वेस्टमेंट होता है वह भी 50-50 शेयर होता है। उन्होंने कहा, मैंने आज प्रधानमंत्री जी को चिट्ठी लिखी है कि हमें स्टूडेंट्स को 50 प्रतिशत कंसेशन देना चाहिए। रियायत देने की वजह से जो खर्च आएगा, उस खर्च को दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के बीच में 50 प्रतिशत 50-50 के अनुपात में शेयर किया जाए। यह बिल्कुल जनहित का मामला है। इसमें कोई राजनीति नहीं है और ना राजनीति होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं उम्मीद करता हूं हमारे बच्चों के लिए, युवाओं के लिए प्रधानमंत्री मोदी इसे जरूर स्वीकार करेंगे और चुनाव खत्म होने के बाद हम छात्रों का बसों में फ्री सफर कर देंगे। इसके साथ ही मेट्रो के अंदर 50 प्रतिशत कंसेशन भी हम बच्चों को देंगे। तो यह बहुत बड़ी घोषणा दिल्ली के स्टूडेंट्स के लिए है। मैं उम्मीद करता हूं कि दिल्ली के स्टूडेंट्स इसका स्वागत करेंगे और यह घोषणा उनके जीवन में खुशी लेकर आएगी।

## वजीरपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी रागिनी नायक ने दाखिल किया नामांकन पत्र




नई दिल्ली । वजीरपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी डॉ. रागिनी नायक ने अपना नामांकन दाखिल किया है। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। नामांकन दाखिल करने से पहले रागिनी नायक गौरी शंकर मंदिर पहुंची और दर्शन-पूजन किया। मंदिर में दर्शन करने के बाद रागिनी नायक का काफिला नामांकन के लिए रवाना हुआ। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले एक महीने से लगातार प्रचार के दौरान पाया कि वजीरपुर में न पीने के लिए साफ पानी है न सफाई है। यहां के विधायक जल बोर्ड के सदस्य हैं, फिर भी पानी की सुविधा तक नहीं दे पाए। गंदगी, कूड़े-कचरे का अंबार है। दिल्ली में पांच सबसे खराब प्रदूषण क्षेत्रों में से एक वजीरपुर विधानसभा है। यहां तमाम समस्याओं के बाद मुझे आश्चर्य होता है कि आम आदमी पार्टी ने भी उसी विधायक को टिकट दिया, जिसने इस क्षेत्र का बेड़ा गर्क किया और भारतीय जनता पार्टी ने भी उसी पार्षद को टिकट दिया है, जिसका नाम लेकर आज जनता त्राहिमाम कर रही है। दिल्ली में जो विकास का काम आप लोगों को देखने को मिल रहा है, वह पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित की देन है। उनके विकास की गाथा को जनता एक बार फिर याद करना चाहती है और कांग्रेस पार्टी को एक बार मौका देना चाहती है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र जुमला पत्र है। उनके घोषणापत्र का कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। भाजपा समाज में विद्वेष फैलाने का काम करती है। मुझे लगता है दिल्ली की जनता को विकास चाहिए, ऐसे में आम आदमी पार्टी एकमात्र विकल्प बनकर उभरी है। दिल्ली की जनता ने कांग्रेस के हाथ को मजबूत करने का इरादा बना लिया है। हम बड़े अंतर से चुनाव में जीत का परचम लहराएंगे। वजीरपुर विधानसभा की जनता का भरोसा हम जीतने में कामयाब रहेंगे। मध्य दिल्ली की चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र में आने वाली वजीरपुर भी एक ऐसी ही सीट है, जो दिल्ली चुनाव में सत्ता पक्ष और विपक्ष का चुनावी अखाड़ा बनती जा रही है। इस सीट पर आम आदमी पार्टी का कब्जा है। इस बार भी आप इस सीट पर हैट्रिक लगाने के इरादे से उतरेगी जबकि भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस प्रत्याशी इस सीट पर आप का तिलिस्म तोड़ने के लिए उतरेंगे।

## पंजाबी बाग़ के समाजसेवी कमल किशोर ने कर्मपुरा में शिक्षायलय में किये बच्चों को जूते भेंट



नई दिल्ली । कर्मपुरा स्थित अनाथ बच्चों के लिए समर्पित सेवा और शिक्षा के केंद्र शिक्षायालय में सर्दियों के मौसम को देखते हुए समाजसेवी कमल किशोर ने बच्चों को जूते भेंट किए और उनके साथ खुशियां साझा कीं। शिक्षायालय, जो कि इन मासूम बच्चों की शिक्षा और संस्कारों को संवारने के लिए कार्यरत है, वहां के बच्चों का उत्साह देखते ही बनता है। कमल किशोर ने इस अवसर पर कहा कि इन बच्चों की खुशी और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करना ही समाज की सच्ची सेवा है। उन्होंने शिक्षायालय की टीम की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था बच्चों के जीवन में उजाला भरने का महान कार्य कर रही है। समाजसेवी कमल किशोर ने अपने वक्तव्य में यह भी कहा कि समाज के हर व्यक्ति को जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए बताया कि शिक्षा ही उनके भविष्य को उज्जवल बना सकती है और किसी भी मुश्किल परिस्थिति का सामना करने की शक्ति प्रदान करती है। इस मौके पर शिक्षायालय के संचालकों ने कमल किशोर का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके सहयोग से बच्चों को इस सर्दी के मौसम में राहत मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दे रही थी। जूतों के साथ-साथ बच्चों को मिठाइयां और गर्म कपड़े भी वितरित किए गए, जिससे उनका उत्साह और बढ़ गया। कमल किशोर ने बच्चों के साथ समय बिताया और उनके साथ बातचीत कर उनके सपनों और महत्वाकांक्षाओं के बारे में जाना। बच्चों ने भी अपनी छोटी-छोटी खुशियों और इच्छाओं को साझा किया, जिसे सुनकर वहां मौजूद सभी लोगों के चेहरे पर मुस्कान आ गई। शिक्षायालय के अध्यापक और कार्यकर्ता बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए न केवल शिक्षा प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों से भी अवगत कराते हैं। कमल किशोर ने संस्था को भविष्य में भी हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया और अन्य लोगों को भी ऐसी संस्थाओं के साथ जुड़ने की प्रेरणा दी। इस तरह के कार्य न केवल समाज में सकारात्मक बदलाव लाते हैं, बल्कि जरूरतमंदों के जीवन में उम्मीद की एक नई किरण जगाते हैं।

# कलयुग में अत्यंत दुर्लभ है भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी मित्रता - आचार्य गोस्वामी मृदुल कृष्ण महाराज

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

वृन्दावन। रमणरेती क्षेत्र स्थित फोगला आश्रम में गौसेवा परिवार, सीतारामप्यारी सोभासरिया चैरिटेबल ट्रस्ट (कलकत्ता) के तत्वावधान में चल रहा सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। महोत्सव के सातवें दिन व्यास पीठ से श्रीहरिदासी वैष्णव संप्रदायाचार्य विश्वविख्यात भागवत प्रवक्ता आचार्य गोस्वामी मृदुल कृष्ण जी महाराज ने सभी भक्तों-श्रद्धालुओं को सुदामा चरित्र, दत्तात्रेय महाराज के द्वारा बनाए गए चौबीस गुरुओं का प्रसंग एवं परीक्षित मोक्ष की कथा श्रवण कराई। व्यासपीठाधीन श्रद्धेय आचार्य गोस्वामी मृदुल कृष्ण महाराज ने सुदामा चरित्र की कथा श्रवण कराते हुए कहा कि कलयुग में भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी मित्रता अत्यंत दुर्लभ है।ब्रह्मज्ञानी सुदामा ने दरिद्रता की सीमा पर जीवन व्यतीत करते हुए भी परब्रह्म परमात्मा से कुछ भी नहीं मांगा।परन्तु मित्रता निभाते हुए श्रीकृष्ण ने उन्हें तीनों लोक सौंप दिए।यही




सच्ची मित्रता की पराकाष्ठा है। श्रद्धेय आचार्य गोस्वामी मृदुल कृष्ण महाराज ने कहा कि मानव जीवन में सत्संग का बड़ा ही महत्व है। भागवत रूपी नौका में बैठकर जो भी प्राणी सत्संग का आश्रय लेता है, वो निश्चित ही संसार रूपी भवसागर से पार हो जाता है।इसके श्रवण मात्र से मानव के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं।भगवान की भक्ति से ही जीव का कल्याण होता है।साथ ही जन्म व मृत्यु के भय का नाश हो जाता है। महोत्सव के पधारे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय (I.P.S.), ब्रज सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉक्टर गोपाल चतुर्वेदी, एडवोकेट, मथुरा-वृंदावन नगर निगम के उप सभापति मुकेश सारस्वत, प्रख्यात भजन गायक बनवारी महाराज आदि ने कथा व्यास आचार्य गोस्वामी मृदुल कृष्ण महाराज का उनके द्वारा धर्म और अध्यात्म के क्षेत्र में की गई अविस्मरणीय सेवाओं के लिए सम्मान किया गया। महाराजश्री ने शैलेश कुमार पाण्डेय (I.P.S.) को पुलिस उप-महानिरीक्षक पद पर पदोन्नत होने पर बहुत-बहुत बधाई दी। साथ ही ठाकुर बांके बिहारी महाराज से उनके स्वस्थ, सुखद और समृद्ध भविष्य की कामना की। महोत्सव का समापन फूलों द्वारा खेली गई भव्य होली के साथ हुआ।जिसमें महाराजश्री द्वारा होली के भजनों और रसियाओं का संगीतमय गायन किया गया।जिन पर देश-विदेश से आए असंख्य भक्तों-श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। इस अवसर पर आयोजन के मुख्य यजमान रमेश कुमार शोभासरिया, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, प्रमुख समाजसेवी दासबिहारी अग्रवाल, पंडित उमाशंकर मिश्रा एवं डॉ. राधाकांत शर्मा आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# श्री चंडी मंदिर प्रबंधक समिति के नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली शपथ





**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**
**अमित कुमार**

हापुड़ । श्री चंडी मंदिर प्रबंधक समिति के चुनाव में विजयी प्रत्याशियों ने शुक्रवार को श्री चंडी मंदिर के परिसर में मां चंडी महारानी के समक्ष अपनी जिम्मेदारियों का अनुपालन करने और दायित्वों का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करने की शपथ ली। शपथ ग्रहण के दौरान चंडी मैया के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। इस अवसर पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। प्रधान पद पर जीत हासिल करने वाले संजय गुप्ता ने कहा कि वे आने वाले तीन वर्षों में सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगे। उन्होंने कहा कि मंदिर की उन्नति के लिए हर श्रद्धालु का सुझाव महत्वपूर्ण होगा और किसी भी समय वे अपने सुझाव साझा कर सकते हैं। वहीं, मंत्री पद पर जीतने वाले मोहित जैन (अचार वाले) ने कहा कि चंडी महारानी के आशीर्वाद से उन्हें पुनः सेवा करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि अगले तीन वर्षों में चंडी धाम को विकास और समृद्धि की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। यह चुनाव रविवार को हापुड़ की दिल्ली रोड पर स्थित एसएसवी इंटर कॉलेज में संपन्न हुआ था। मतदान और मतगणना के बाद, संजय गुप्ता (प्रधान), लोकेश गुप्ता (उप प्रधान), मोहित जैन (मंत्री), अंकुर कंसल (उप मंत्री), संजीव विजय गुप्ता (कोषाध्यक्ष), और दीपक गर्ग (लेखा निरीक्षक) ने जीत दर्ज की। इसके अलावा कार्यकारिणी के 15 सदस्यों का भी चयन हुआ, जिनमें संदीप अग्रवाल (गोयल स्वीट्स), करुण कंसल, योगेश सिंघल, गोपाल अग्रवाल, आदित्य गोयल, मनीष गर्ग, अंकित कंसल, आशुतोष रस्तोगी, वैभव गुप्ता, अंकित गर्ग, अंकुर जिंदल, देवेश शर्मा, नितिन कुमार, तथा जय भगवान शर्मा (पिंटू) शामिल हैं। शपथ ग्रहण समारोह में श्री चंडी मंदिर पालकी सेवा समिति (रजि.) के संस्थापक महंत रविंद्र पोपट सहित क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस मौके पर सामाजिक समरसता और धार्मिक आस्था का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने यह संकल्प लिया कि वे पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने मंदिर की समृद्धि और विकास के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया और समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने की बात कही।

# डीएम का स्थानांतरण होने पर कलेक्ट्रेट कर्मचारियों व अधिकारियों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया





**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह का जनपद बुलन्दशहर से जनपद मथुरा में स्थानांतरण होने पर कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्ट्रेट कर्मचारियों व अधिकारियों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समस्त कर्मचारियों व अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी के साथ किए गए कार्य के अनुभवों को साझा कर विचार व्यक्त किए गए। समारोह में जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने उपस्थित समस्त कर्मचारियों व अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनपद के समस्त कर्मचारियों व अधिकारियों की टीम द्वारा मेरे साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया मेरा पूरा परिवार की तरह सहयोग किया और उन्होंने जनपद वासियों की सराहना करते हुए कहा कि जनपद वासी बहुत अच्छे हैं, जनपद में गंगा जमुना तहजीब की तरह लोग निवास करते हैं। जनपद वासियों का उन्होंने धन्यवाद करते हुए कहा कि जनपदवासियों का मुझे परिवार की तरह पूरा सहयोग मिला। जनपद वासियों व कर्मचारियों एवं अधिकारियों की टीम द्वारा मिले सहयोग के लिए समस्त जनपद वासियों व कर्मचारियों एवं अधिकारियों का मैं आभार व्यक्त करता हूं।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अभिषेक सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डा0 प्रशान्त कुमार सहित समस्त कलेक्ट्रेट के कर्मचारी व अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# समय के साथ-साथ हमारी सेनाओं की जटिलताएं बढ़ती जा रही हैं - रक्षा मंत्री




नई दिल्ली । रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि समय के साथ-साथ हमारी सेनाओं की जटिलताएं बढ़ती जा रही हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि दुनिया भर में रक्षा-सुरक्षा का माहौल लगातार तनावपूर्ण होता जा रहा है। लगभग आधा दशक बीत जाने के बाद, हम यह कह सकते हैं कि यह एक प्रकार से परिवर्तनशील दशक रहा है। दुनिया के अलग-अलग क्षेत्रों में कई संघर्ष और युद्ध देखने को मिल रहे हैं। रक्षा मंत्री ने यहां नौसेना नागरिक वर्ष समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपनी महत्वपूर्ण क्षमता को बढ़ाना होगा और आने वाले समय में अपने आक्रामक और रक्षात्मक दोनों ही प्रतिक्रियाओं को मजबूत करने की ओर ध्यान देना होगा। मुझे लगता है कि इन सबमें योजना का बहुत महत्व है और इस नियोजन प्रक्रिया में एक परामर्शात्मक दृष्टिकोण भी होना चाहिए, जिसमें हम सभी हितधारकों से सलाह-मशविरा करें। मैं समझता हूं कि इस नियोजन प्रक्रिया में हमारी नौसेना नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि अधिकांश लोग भारत के विशाल क्षेत्रफल के कारण भारत को एक उपमहाद्वीप के रूप में जानते हैं। भारत की आर्थिक समृद्धि इस देश की समुद्री सुरक्षा से जुड़ी हुई है। इसके लिए जरूरी है कि हमारे समुद्री क्षेत्र की सुरक्षा की जाए, नेविगेशन की स्वतंत्रता सुनिश्चित की जाए और हमारे समुद्री मार्गों को - जो हमारे समुद्री हाईवे हैं- सुरक्षित रखा जाए। हाल के वर्षों में अमेरिकी और अन्य यूरोपीय नौसेना ने हिंद प्रशांत क्षेत्र में अपनी उपस्थिति घटाई है जबकि भारतीय नौसेना ने उपस्थिति बढ़ाई है। इसके बावजूद अदन की खाड़ी, लाल सागर और ईस्ट अफ्रीकी देशों से सटे समुद्री इलाकों में खतरे बढ़ने का अंदेशा बना हुआ है। इसको देखते हुए भारतीय नौसेना अपनी उपस्थिति को और अधिक बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। समुद्री सुरक्षा के लिए अब साइबर सिक्योरिटी भी बड़ा ही महत्वपूर्ण अंग बन चुका है। जिस तेजी से साइबर हमलों में वृद्धि हो रही है, उसे देखते हुए उनकी अनदेखी करना घातक सिद्ध हो सकता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि सेनाओं में साइबर सिक्योरिटी को लेकर एक विशेष जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। नौसेना के अनेक महत्वपूर्ण ऑर्गनाइजेशन और कमांड हेडक्वार्टर्स, डॉक यार्ड, डिपो, ट्रेनिंग आदि में हमारे सिविलियन ही हैं, जो नेवी के मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर की नींव रखते हैं। हमें समुद्र में अत्याधुनिक जहाज और बोट दिखती हैं, एयरक्राफ्ट कैरियर दिखते हैं, ये सारी चीजें हमें सामने दिख जाती हैं। लेकिन, जो हम नहीं देख पाते, वो है हमारे अनगिनत इंजीनियर्स और वर्कर्स की मेहनत। ये लोग हमेशा पर्दे के पीछे रहकर काम करते हैं, लेकिन यही लोग हैं, जिन्होंने हमारे सशस्त्र बलों को हमेशा ताकत प्रदान की है। हमारी सेनाएं आज आगे बढ़ रही हैं, इसमें हमारे सिविलियन साथी, हमारी सेनाओं को योगदान देते हैं। आप चाहे वर्दी में हों या वर्दी के बिना, इसमें कोई बहुत बड़ा अंतर नहीं है, क्योंकि इस प्रकार के मूल्य सबके अंदर होने जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि जब मैं नेवल सिविलियन्स की जिम्मेदारियों की बात कर रहा हूं, तो मैं यहां पर अपनी और सरकार की जिम्मेदारियां, कतई नहीं भूल रहा हूं। हमारी सरकार का हमेशा यह प्रयास रहता है कि हम राष्ट्र की सेवा करने वाले प्रत्येक व्यक्ति के योगदान को पहचान दें। मैं नौसेना के सभी सिविलियन्स को उनकी सेवा, समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद देता हूं। आपने न केवल नौसेना को मजबूत बनाया है, बल्कि भारत की भी सुरक्षा और समृद्धि को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# एन सी सी शिविर में कैडेटों को दिया गया शस्त्र प्रशिक्षण



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। जहांगीराबाद नगर के शिवकुमार अग्रवाल जनता इंटर कॉलेज में 41 यू0पी0 बटालियन एनसीसी बुलंदशहर के तत्वाधान में आज शस्त्र प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में सूबेदार मेजर कमलेश के साथ आए हुए पी स्टाफ के द्वारा एन सी सी कैडेटों को शस्त्र प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सी0 पी0अग्रवाल ने कैडेटों को संबोधित करते हुए बताया कि किसी भी जवान को अपने अधिकारों को सुरक्षित रखने के लिए भली भांति शस्त्र प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि भारतीय सेवा का उद्देश्य है एक गोली एक दुश्मन और यह तभी संभव है जब जवान ने शस्त्र को चलाने का प्रॉपर ट्रेनिंग लिया हो। सूबेदार मेजर कमलेश कुमार ने कहा प्रत्येक कैडेट को अच्छे स्वास्थ्य प्रशिक्षण लेकर अपने देश की रक्षा के लिए सेकंड लाइन ऑफ डिफेंस के लिए तैयार रहना होगा। इस अवसर पर उनके साथ हवलदार राजेंद्र सिंह हवलदार कुलदीप सिंह ने भी प्रशिक्षण में पूरा भाग लिया विद्यालय के केयरटेकर नीतीश कुमार गुप्ता के द्वारा कैडेटों को प्रतिदिन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हमें सामाजिक कार्य जैसे वृक्षारोपण, यातायात नियंत्रण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आदि कार्यों में भी अपनी भूमिका निश्चित करनी होगी।

# बीच से टूटा है बिजली का खंभा दुर्घटना की आशंका

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। शिकारपुर नगर कि कोतवाली के निकट बीच से टूटा हुआ है बिजली का खंभा दुर्घटना की आशंका लोगों का निकलना मतलब जान हथेली पर रखकर घूमना हर पल सिर पर मौत मंडराती रहती है लेकिन मानों बिजली विभाग के अधिकारियों को हादसे का इंतजार है कोतवाली के पास खड़ा जर्जर पोल हादसों को दावत दे रहा है बावजूद जिम्मेदार विभाग मौन साधे मानो किसी अनहोनी का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहा है जबकि इस पोल से हाईटेंशन लाइन तार गुजर रहा है मौहल्ले के लोगों व राहगीरों में जर्जर पोल गिरने की आशंका बनी हुई है मौहल्ले वासियों ने बताया कि अगर जल्द ही इसे दुरुस्त नहीं किया गया तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है विद्युत विभाग यहां न तो खंभा लगा रहा है



और न ही जर्जर हो चुके खंभे को बदलने की तरफ ही गम्भीरता दिखा रहा है जबकि ऐसे खंभों व जर्जर तारों के गिरने से आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है यह खंभा नीचे से थोड़ा झुक चुका है इस सड़क पर हर वक्त वाहनों का आवागमन जारी रहता है युवा समाजसेवी योगेश शर्मा, का कहना है कि इस बारे में जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत कराया गया है लेकिन उन्होंने इस दिशा में गंभीरता नहीं दिखाई सोनू कुमार, प्रदीप कुमार गौतम इनकम टैक्स एडवोकेट, ने कहा कि नगर में विद्युत तार और खंभों से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है इसके बावजूद कोई अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है विनय कुमार, ने कहा कि जब कभी इस बारे में जनता हंगामा करती है या कोई हादसा हो जाता है उसके बाद आनन-फानन में सभी कार्रवाई पूरी की जाती है समय रहते अगर ऐसी समस्याओं पर ध्यान दे दिया जाए तो स्थिति में सुधार हो सकता है विधुत विभाग के नगर जेई शत्रुघ्न कुमार, ने कहा शिकायत मिली है खंभा ठीक कराया जाएगा अब देखना यह होगा कि बिजली का खम्भा सही कितने दिनों में होता है सोचने का विषय ।

# आस्था, मनोरंजन और रोजगार का संगम बना खिचड़ी मेला

गोरखपुर ।नाथपंथ के विश्व प्रसिद्ध गोरखनाथ मंदिर में आयोजित खिचड़ी मेला आस्था, मनोरंजन और रोजगार का संगम बन गया है। यहां बाबा गोरखनाथ का दर्शन कर खिचड़ी चढ़ाने के बाद श्रद्धालु मेले में मनोरंजन कर जरूरी सामानों की खूब खरीदारी कर रहे हैं। मेले में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ इतनी अधिक है कि यहां दुकान लगाने वालों का रोजगार-कारोबार उनकी आर्थिकी में अभूतपूर्व वृद्धि कर रहा है। मकर संक्रांति के दिन मंगलवार को गोरखनाथ मंदिर में 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं का आगमन हुआ। बुधवार और गुरुवार को भी समूचा मेला परिसर श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच भरा रहा। खिचड़ी मेला महाशिवरात्रि तक जारी रहेगा। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में यहां श्रद्धालुओं से लेकर कारोबारियों तक के लिए सुरक्षा, सुविधा और सहूलियत के विशेष प्रबंध किए गए हैं। गोरखनाथ मंदिर में इस साल मकर संक्रांति के दिन उमड़ा आस्था का जनसैलाब अभूतपूर्व रहा। इस पावन पर्व पर पंद्रह लाख से अधिक श्रद्धालुओं का मंदिर आना हुआ। श्रद्धा का उफान ऐसा था कि भोर से लेकर शाम तक गोरखनाथ मंदिर आने वाले दो प्रमुख मार्गों (धर्मशाला से और बरगदवा से) पर कुल मिलाकर करीब तीन किलोमीटर तक श्रद्धालुओं की कतार नहीं टूटी। यह कतार लंबाई में तो थी ही, चौड़ाई में भी पूरे सड़क को कवर किए हुए थी। मकर संक्रांति के दिन खिचड़ी मेले के दुकानदारों की आर्थिकी में आकाशीय समृद्धि हुई। अनुमान लगाया जा रहा है कि खिचड़ी मेले के दौरान मकर संक्रांति पर प्रति श्रद्धालु द्वारा प्रसाद, फूलमाला, मनोरंजन, नाश्ता और जरूरी सामानों की खरीदारी पर औसतन 300 रुपये ही खर्च किए गए हों तो गुरु गोरखनाथ के प्रति उमड़ी श्रद्धा ने एक दिन में ही 45 करोड़ रुपये की आर्थिक गतिविधियों को गति दी। मेला प्रबंधक शिव शंकर उपाध्याय बताते हैं कि खिचड़ी मेले में आने वाले दुकानदारों का कारोबार प्रतिवर्ष बहुत ही अच्छा होता है और इस बार इसमें और भी अप्रत्याशित वृद्धि होती दिख रही है। मेले में करीब छह सौ दुकानें सजी हैं। दुकान लगाने वाले 90 प्रतिशत कारोबारी प्रदेश के अन्य जिलों या अन्य राज्यों से हैं। यहां राजस्थान, दिल्ली कोलकाता के अलावा प्रदेश के मुरादाबाद, सहारनपुर, इटावा, बुलंदशहर आदि जिलों से बड़ी संख्या में कारोबारियों ने दुकानें लगाई हैं। इस बार आस्था का जन ज्वार देखकर सभी बेहद प्रफुल्लित हैं। मंदिर परिसर में डेढ़-दो माह तक लगने वाला खिचड़ी मेला भी जाति-धर्म के बंटवारे से इतर बड़ी संख्या में लोगों की आजीविका का माध्यम बना हुआ है। मंदिर परिसर में नियमित रोजगार करने वालों से लेकर मेला में दुकान लगाने वालों तक, बड़ी भागीदारी अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की है।

## संक्षिप्त समाचार

# गीता शेखावत को पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। सिकंदराबाद जेएसपीजी कॉलेज, बी.एड. विभाग की अध्यक्ष गीता शेखावत को गलगोटिया यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ़ एजुकेशन द्वारा प्रतिष्ठित पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। उनका शोध विषय छात्र-शिक्षकों की ई-लर्निंग के प्रति तैयारी और दृष्टिकोण- लिंग, स्थानीयता और सामाजिक-आर्थिक स्थिति के संदर्भ में था। यह शोध कार्य प्रो. श्रीकांत द्विवेदी के मार्गदर्शन में पूरा किया गया, जिन्होंने अपने मूल्यवान सुझावों और प्रोत्साहन से इस शोध को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अलावा, स्कूल ऑफ़ एजुकेशन के डीन, प्रो. सत्येंद्र गुप्ता, का भी विशेष मार्गदर्शन और समर्थन प्राप्त हुआ। गीता शेखावत ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने मार्गदर्शक, डीन, सहकर्मियों और परिवार को दिया है, जिन्होंने हर कदम पर उनका समर्थन किया। उन्होंने कहा कि यह उपाधि उनके लिए एक नया अध्याय खोलती है, जिससे वे शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक योगदान दे सकेंगी। यह उपलब्धि न केवल गीता शेखावत के लिए, बल्कि जेएसपीजी कॉलेज और स्कूल ऑफ़ एजुकेशन, गलगोटिया यूनिवर्सिटी के लिए भी गर्व का विषय है।

# श्रीमद् भागवत- राजा हरिश्चंद्र की सुनाई कथा



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। खानपुर क्षेत्र के गिनौरा नंगली गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में पांचवें दिन राजा हरिश्चंद्र की कथा ने श्रद्धालुओं को प्रभावित किया। कथावाचक सीमा साध्वी दुबे ने बताया कि राजा हरिश्चंद्र ने सत्य और धर्म के मार्ग पर चलते हुए अपना राज्य धन और यहां तक कि परिवार भी त्याग दिया लेकिन सत्य से कभी विचलित नहीं हुए। उनके जीवन का यह प्रेरणादायक प्रसंग उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में प्रस्तुत किया गया। श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर भावविभोर होकर भजन-कीर्तन में भाग लिया। कथावाचक ने बताया कि कथा का उद्देश्य समाज में सत्य धर्म और मानवता का संदेश फैलाना है। इस दौरान ठा0 शिवकुमार गौड़, राजेश शर्मा, नरेश राघव, सुखवीर शर्मा, चेतन शर्मा, कालीचरण सिंह, अमित कुमार, संगीता शर्मा, सपना देवी आदि लोग मौजूद रहे।

# श्री हेल्थी विंग हॉस्पिटल ने फ्री हैल्थ चेकप कैंप लगाया



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। बुलंदशहर रविंद्र पाल सिंह की बैठक मामन खुद में श्री हेल्थी विंग हॉस्पिटल  हैल्थ चेकप कैंप लगाया ,जिसमे मुफ्त ओपीडी के साथ दवाइयां में जांच फ्री दी गई गया ,कैम्प का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक था ।कैम्प में 120 पेसन्ट कोनिःशुल्क जाँच कर दवाएं  फी दी  डॉ पुलकित जैन व डॉ श्रुति मोहन उमियाल  जैन ने बताया कि  कैंप हर महीने लगाया जाता है इस कैंप में निशुल्क सेवाएं दी जाती है लोगों को हमारे श्री हेल्थ विंग हॉस्पिटल  से काफी राहत मिलती है साथ ही  डॉ ऋषि तोमर डॉ हनी  यादव विनोद दीपांशु लोधी पूजा इमरान  सी पी शर्मा सुमित सैनी सहित सभी लोगों का ग्रामीण वासियों ने धन्यवाद किया और कहा कि श्री हेल्थी विंग हॉस्पिटल द्वारा जो कैंप लगाया गया है इससे सभी लोगों का इलाज अच्छा हुआ है और आगे भी ऐसे ही कैंप लगता रहे

# शीघ्र ही लॉस एंजिलिस में खोला जाएगा भारतीय वाणिज्य दूतावास- जयशंकर

बेंगलुरु । विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने अमेरिका से बेंगलुरु में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास स्थापित करने की अपील की थी और लॉस एंजिलिस में एक भारतीय राजनयिक मिशन खोलने का वादा किया है। वह शुक्रवार को बेंगलुरु में भारत में पांचवें अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के 'स्थल समर्पण समारोह' में भाग ले रहे थे। यह वाणिज्य दूतावास जल्द ही यहां काम करना शुरू कर देगा। जयशंकर ने कहा, ''इसका लंबे समय से इंतजार किया जा रहा था। मेरा मानना है कि बेंगलुरू इसका हकदार था और इसकी उम्मीद भी थी।'' विदेश मंत्री के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सितंबर, 2023 में अमेरिका यात्रा के दौरान बेंगलुरु में वाणिज्य दूतावास खोलने का मुद्दा उठाया था। भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने अपने भाषण में कहा कि शुरुआत में बेंगलुरु स्थित वाणिज्य दूतावास वीजा सेवाएं प्रदान नहीं करेगा। जयशंकर ने उनसे जल्द से जल्द वीजा सेवाएं भी शुरू करने की अपील की। जयशंकर ने कहा, ''मैं आंकड़ों की जांच कर रहा था और यह देखकर बहुत खुश हुआ कि पिछले साल, आरपीओ (क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय) बेंगलुरु ने 8,83,000 पासपोर्ट जारी किए। यह सिर्फ एक साल का आंकड़ा है। गणित लगाकर देखिए और आप देखेंगे कि यात्रा को सुचारू बनाना कितना महत्वपूर्ण है।''उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका में भारत के लगभग 3,50,000 विद्यार्थी हैं और वहां 50 लाख लोग प्रवासी हैं, जिससे अमेरिका के लिए यह जरूरी हो गया है कि वह यथाशीघ्र बेंगलुरु से वीजा जारी करना शुरू करे।